# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 21 मार्च 2025

संवत 2081, चैत्र कृष्णपक्ष 7 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 195, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की ओर दिया जा रहा विशेष ध्यान

तमन्ना भाटिया अपने पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सजग ◀◀ 6


# घर से नकदी मिलने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट के जज पर कार्रवाई

## कॉलेजियम ने किया इलाहाबाद ट्रांसफर

- घर में लगी आग, फायर ब्रिगेड को आग बुझाने के दौरान मिली बेहिसाब नकदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ एक रिपोर्ट आने के बाद उन्हें उनके मूल उच्च न्यायालय इलाहाबाद में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र सरकार को उनके स्थानांतरण की सिफारिशें कीं। न्यायमूर्ति वर्मा ने अक्तूबर 2021 में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।

एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले हफ्ते होली की छुट्टियों के दौरान उनके सरकारी बंगले में बड़ी मात्रा में बेहिसाब नकदी मिलने के बाद यह फैसला लिया गया। यह धनराशि उस समय मिली जब इमारत में आग लग गई और न्यायाधीश के परिवार के सदस्यों ने- जो उस समय शहर में नहीं थे- आपातकालीन सेवाओं को फोन किया। उन्होंने फिर पुलिस को बुलाया।



### कपिल सिब्बल ने कहा, न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार का मुद्दा बहुत गंभीर

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके खिलाफ प्रतिकूल रिपोर्ट के बाद उनके पैतृक उच्च न्यायालय इलाहाबाद में स्थानांतरित करने की सिफारिश पर वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा, ...न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार का मुद्दा बहुत गंभीर है। यह ऐसा कुछ नहीं है जिसे देश के वरिष्ठ परिषदों और वकीलों ने पहली बार व्यक्त किया है। यह वर्षों से चल रहा है।

**वरिष्ठ अधिवक्ता ने दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से की यह मांग:** इस मामले में एक वरिष्ठ वकील ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के घर से कथित 'भारी मात्रा में नकदी बरामदगी' मामले में कार्रवाई की अपील की है। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने वरिष्ठ वकील की भावनाओं को साझा करते हुए कहा कि इस घटना से हर कोई 'हिल गया' और 'हतोत्साहित' हो गया है। इस बीच, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने आज अदालत नहीं लगाई, कोर्ट मास्टर ने कहा कि खंडपीठ 'छुट्टी' पर है।

आधिकारिक माध्यमों से मामले की जानकारी मिलने पर मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति वर्मा को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। न्यायमूर्ति वर्मा ने नकदी की बरामदगी पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सूत्रों ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश ने नकदी मिलने की घटना को बहुत गंभीरता से लिया और पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति वर्मा के स्थानांतरण पर सर्वसम्मति से सहमति जताई।

### राज्यसभा में गूंजा हाईकोर्ट जज के घर नकदी मिलने का मामला, धनखड़ का सवाल- खुलासे में देरी क्यों?

**नई दिल्ली :** दिल्ली हाईकोर्ट के एक जज के घर से कथित तौर पर नकदी बरामद होने का मामला शुक्रवार को राज्यसभा में भी गूंजा। सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वह इस मुद्दे पर व्यवस्थित चर्चा के लिए कोई व्यवस्था ढूंढ़ेंगे। सुबह के सत्र में इस मुद्दे को उठाते हुए कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने न्यायिक जवाबदेही पर सभापति का जवाब मांगा और उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग के संबंध में लंबित नोटिस की याद दिलाई।

**जयराम रमेश ने कहा- यह चौंकाने वाला मामला:** रमेश ने कहा, आज सुबह हमने दिल्ली उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के आवास से भारी मात्रा में नकदी बरामद होने के चौंकाने वाले मामले के बारे में पढ़ा। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले, 50 सांसदों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश की ओर से की गई कुछ टिप्पणियों के संबंध में सभापति को नोटिस सौंपा था।

**सभापति बोले- खुलासे में देरी परेशानी का सबब**

नकदी की कथित बरामदगी से संबंधित मुद्दे पर धनखड़ ने कहा कि उन्हें इस बात से परेशानी है कि घटना हुई लेकिन तत्काल सामने नहीं आई। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी घटना किसी राजनेता, नौकरशाह या उद्योगपति से संबंधित होती तो संबंधित व्यक्ति तुरंत 'लक्ष्य' बन जाता। उन्होंने कहा, इसलिए, मुझे विश्वास है कि पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी प्रणालीगत प्रतिक्रिया सामने आएगी। सभापति ने आगे कहा कि वह सदन के नेता और विपक्ष के नेता से संपर्क करेंगे और सत्र के दौरान चर्चा कराने की कोशिश करेंगे।

## सीता सोरेन की बढ़ेगी मुश्किलें, निजी सचिव देवाशीष की बहन ने कराया मामला दर्ज

संवाददाता



**रांची :** भाजपा नेता सहित दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बड़ी बहू की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। दरअसल, सीता सोरेन के निजी सचिव देवाशीष घोष की बहन रीना घोष ने सीता सोरेन के अलावा उनके बॉडीगार्ड अर्जुन कुशवाहा, विवेक सिंह, विवेक सिंह की बहन और रिंकू सिंह के खिलाफ शिकायतवाद दर्ज कराया है। रीना घोष रांची के हटिया में रहती है।

रीना घोष का आरोप है कि उनके भाई देवाशीष घोष पहले सीता सोरेन के निजी सचिव थे, लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में जामताड़ा सीट से हार के बाद सीता सोरेन ने उन पर चुनाव में ज्यादा खर्च करने का आरोप लगाया और उनसे पैसे लौटाने का दबाव बनाने लगीं। 7 मार्च को देवाशीष को जबरन अगवा कर धनबाद के सरायढेला स्थित एक होटल में ले जाया गया। वहां हथियार दिखाकर उनकी गाड़ी की चाबी, जमीन के कागजात और एटीएम कार्ड छीन लिया गया। शिकायत में कहा गया है कि देवाशीष से 3 लाख रुपये भी जबरन सीता सोरेन के खाते में ट्रांसफर कराए गए। इसके अलावा, उनकी गाड़ी में रखे बैंक के चेक भी ले लिए गए। इतना ही नहीं, रीना का आरोप है कि एक फर्जी पिस्तौल दिखाकर देवाशीष के खिलाफ सरायढेला थाना में केस दर्ज कराया गया, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं, कोर्ट ने शिकायतवाद पर बयान दर्ज करने के लिए 28 अप्रैल की तारीख तय की है। इस दिन शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया जाएगा।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले सीता सोरेन के निजी सचिव देवाशीष घोष पर आरोप लगा था कि उसने सीता सोरेन पर हमला करने की कोशिश की थी। इसके बाद पुलिस ने देवाशीष को गिरफ्तार कर लिया और वह अभी जेल में हैं।

# वंदे भारत ट्रेन पर पथराव

## पटना से दिल्ली जाते समय ट्रेन पर फेंके पत्थर, बोगी का शीशा टूटा



एजेंसी

**नई दिल्ली :** वंदे भारत ट्रेन पर हमला करने का एक और मामला सामने आया है। पटना से दिल्ली जा रही वंदे भारत ट्रने पर पथराव किया गया है। इस हमले में एसी कोच का शीशा टूट गया है।

गुरूवार शाम यूपी के इटावा जिले में जसवंतनगर और बलरई स्टेशन के बीच ट्रेन धीमी गति से गुजर रही थी उसी दौरान असामाजिक तत्वों ने ट्रेन पर पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान एक बड़ा पत्थर सी-वन कोच के खिड़की पर जा लगा जिससे उसका शीशा टूट गया।

ट्रेन पर हो रहे पथराव से यात्रियों में अफरातफरी और दहशत का माहौल हो गया। हालांकि पथराव के बीच ट्रेन को रोका नहीं गया और तेजी से ट्रेन आगे की ओर बढ़ गई। ट्रेन को अलीगढ़ स्टेशन पर रोका गया, जहां रेलवे सुरक्षा बल ने जांच-पड़ताल की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

## रांची से देवघर जाने वाले यात्रियों के लिए बुरी खबर

# विमान सेवा अचानक किया गया बंद

संवाददाता

**रांची :** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से रोजाना उड़ान भरने वाली रांची-देवघर विमान सेवा को बंद कर दिया गया है। इसके बाद रांची से देश के अलग-अलग राज्यों में उड़ान भरनेवाली विमानों की संख्या 27 हो गयी है। अब रांची से देवघर जाने वाले यात्रियों के लिए रेल और सड़क मार्ग ही केवल माध्यम रह गया है। दरअसल, विमान संख्या 6ई 7965 /7964 देवघर-रांची-देवघर दोपहर 12.30 बजे रांची आती थी और 12.50 बजे देवघर के लिए उड़ान भरती थी। इस बात को लेकर इंडिगो के अधिकारी ने बताया कि अचानक रांची-देवघर विमान को बंद कर दिया गया है, जबकि मार्च के शिड्यूल में विमान सेवा को शामिल रखा गया था। अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशनल कारणों से विमान सेवा को बंद किया गया है। वर्तमान में रांची से सीधी विमान सेवा दिल्ली के लिए 08, बेंगलुरू और कोलकाता के लिए 04, हैदराबाद के लिए 03, मुंबई के लिए 02 विमान है। वहीं पटना, अहमदाबाद, भुवनेश्वर, चेन्नई और पुणे के लिए एक-एक विमान रोजाना है।



# 'राष्ट्रगान का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान', नीतीश के वीडियो पर बिहार में बवाल

## एक कार्यक्रम में राष्ट्रगान के दौरान हंसते और बोलते नजर आये नीतीश

एजेंसी

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में एक खेल कार्यक्रम में राष्ट्रगान के दौरान हंसते और बोलते हुए कैमरे पर कैद होने के बाद विपक्ष के निशाने पर आ गए। उनके पूर्व डिप्टी तेजस्वी यादव ने उन पर राज्य और राष्ट्र का अपमान करने का आरोप लगाया। पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आज सेपकटकरा विश्व कप के उद्घाटन के मौके पर नीतीश कुमार कैमरे पर आईएएस अधिकारी और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार से हंसते और बात करते हुए कैद हुए, जो मंच पर उनके ठीक बगल में खड़े थे।

**नीतीश कुमार को हो क्या गया है, आज फिर राबड़ी देवी से भिड़ गए**



वे अधिकारी के कंधे पर हाथ रखते और उनका ध्यान अपनी ओर खींचने की कोशिश करते देखे गए। एक बार तो वे मुस्कुराते हुए दर्शकों में से किसी को नमस्कार करते हुए हाथ जोड़ रहे थे। दीपक कुमार को मुख्यमंत्री की आस्तीन खींचते हुए देखा गया ताकि वे स्थिर रहें। इससे पहले, जब राष्ट्रगान की घोषणा हुई तो श्री कुमार मंच से उतर गए और प्रतिभागियों से हाथ मिलाने चले गए। राष्ट्रगान का वीडियो वायरल होते ही विपक्ष ने सोशल मीडिया पर आलोचनाओं की बाढ़ ला दी।

तेजस्वी ने एक्स पर लिखा कि कम से कम कृपया राष्ट्र गान का तो अपमान मत करिए मा॰ मुख्यमंत्री जी। युवा, छात्र, महिला और बुजुर्गों को तो आप प्रतिदिन अपमानित करते ही है। कभी महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर ताली बजा उनकी शहादत का मखौल उड़ाते है तो कभी राष्ट्रगान का! आपको याद दिला दें कि आप एक बड़े प्रदेश के मुख्यमंत्री है। चंद सेकंड के लिए भी आप मानसिक और शारीरिक रूप से स्थिर नहीं है और आपका इस तरह अचेत अवस्था में इस पद पर बने रहना प्रदेश के लिए अति चिंताजनक बात है। बिहार को बार-बार यूं अपमानित मत कीजिए।

लालू यादव ने भी एक्स पर वीडियो पोस्ट किया है। कैप्शन में लिखा है, राष्ट्रगान का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान। बिहारवासियों, अब भी कुछ बचा है? इस मामले पर नीतीश कुमार और उनकी पार्टी की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड के सूत्रों ने संकेत दिया है कि इस मुद्दे पर राज्य विधानसभा में संभावित विवाद को टालने के लिए मुख्यमंत्री कल बिना शर्त माफी मांग सकते हैं।

## दिवाली बोनस नहीं देने और सैलरी काटने पर नाराजगी

# बदला लेने के लिए चालक ने खुद बस में लगाई थी आग, चार जिंदा जले

एजेंसी

**नई दिल्ली :** महाराष्ट्र के पुणे में एक निजी कंपनी की बस में लगी आग से चार कर्मचारियों की जान चली गई थी। मामले की जांच में खुलासा हुआ है कि आग दुर्घटना नहीं, बल्कि साजिश का नतीजा थी। पुलिस के अनुसार, बस चालक जनार्दन हंबरदेकर, कंपनी द्वारा सैलरी कटौती और दिवाली बोनस न मिलने से नाराज होकर बदला लेने की स्थिति में था।



पिंपरी चिंचवाड़ के पुलिस उपायुक्त विशाल गायकवाड़ ने बताया, जांच से यह सिद्ध हुआ है कि आग कोई दुर्घटना नहीं बल्कि साजिश के तहत लगाई गई थी। हालांकि, जिन कर्मचारियों की जान चली गई, उनके साथ सीधे विवाद नहीं था। हादसे की घटना बुधवार को पुणे के पास हिंजवड़ी क्षेत्र में हुई, जब व्योमा ग्राफिक्स के 14 कर्मचारी बस में सवार थे। पुलिस कमिश्नर ने खुलासा किया कि आरोपी ने बेंजीन केमिकल खरीदा था और बस के पोंछने के लिए इस्तेमाल होने वाला कपड़ा भी साथ रखा था। उसने माचिस जलाकर कपड़े में आग लगा दी, जिसके कारण केमिकल की वजह से आग तेजी से फैल गई। आग लगने के बाद, बस चालक स्वयं भी झुलस गया था, परन्तु अन्य यात्रियों के साथ वह समय रहते बस से बाहर निकल गया। फिलहाल, आरोपी का अस्पताल में इलाज चल रहा है और बाद में उसे गिरफ्तार किया जाएगा। इस हादसे में कुल 10 यात्री झुलस गए, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हैं।

# हीथ्रो एयरपोर्ट पर बड़े अग्निकांड के बाद बिजली गुल

## दुनिया का सबसे व्यस्त एयरपोर्ट रहेगा बंद

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट जो दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है आज यानि कि दिनभर के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। यह निर्णय एक महत्वपूर्ण बिजली संकट के कारण लिया गया जो एयरपोर्ट के पास एक बड़े अग्निकांड के कारण उत्पन्न हुआ। आग के कारण हुआ बिजली संकट: हीथ्रो एयरपोर्ट के प्रबंधन ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करते हुए बताया कि एयरपोर्ट को बिजली आपूर्ति करने वाले विद्युत उपकेंद्र (सबस्टेशन) में आग लग गई है जिससे एयरपोर्ट गंभीर बिजली संकट का सामना कर रहा है। इस वजह से सुरक्षा के दृष्टिकोण से 21 मार्च को रात 11:59 बजे तक एयरपोर्ट को बंद रखने का निर्णय लिया गया है।



## न्यूज ब्रीफ

### सीआरइयू के स्थापना दिवस पर रेल कर्मचारी जागरूकता समारोह

धनबादः इस्ट सेंट्रल रेलवे एंप्लाइज यूनियन के 17वें स्थापना दिवस पर धनबाद मंडल कमेटी की कार्यकारिणी मीटिंग सह रेल कर्मचारी जागरूकता अभियान गुरुवार को धनबाद प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। अध्यक्षता केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार ने की। मंच संचालन धनबाद मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार साह ने किया। बैठक में सर्वप्रथम धनबाद मंडल की समस्याओं पर चर्चा की गयी। इसके बाद ओपन सेशन शुरू हुआ। इसमें मुख्य अतिथि संस्थापक सदस्य सह केंद्रीय संगठन सचिव बीआर सिंह व विशिष्ट अतिथि बासुदेव महतो ने इसीआरइयू के इतिहास पर प्रकाश डाला। समस्याओं पर की गयी चर्चा एआइएलआरएसए के संयुक्त जोनल सचिव आरआर प्रजापति ने रेल प्रशासन कि मनमानी, कर्मचारियों से दबाव में कार्य कराने आदि मुद्दों पर प्रकाश डाला। केंद्रीय संगठन सचिव पंकज कुमार ने ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने की मांग की। इसीआरइयू मंडल सचिव सुनील कुमार सिंह ने श्रम कानूनों में बदलाव कर बनाये गये चार श्रम कानूनों को रद्द करने की मांग की। कार्यक्रम में गोमो, धनबाद, कतरास, पाथरडीह के सभी विभाग के लगभग 200 कर्मचारी शामिल हुए। इसमें एसपी सिंह, गौरी शंकर सिंह, विनोद कुमार, उदय कुमार, बबलू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजय चौधरी, सुबोध सिंह, अपूर्व वर्मा व अन्य उपस्थित थे।

### पानी को लेकर जीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

**गिद्दीः** पानी को लेकर जीएम कॉलोनी के लोगों ने गुरुवार को अरगड्डा महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रबंधन से आश्वासन मिलने पर लोग शांत हुए। कॉलोनी की महिलाओं ने कहा कि पिछले दो-तीन माह से जीएम कॉलोनी में पानी की समस्या बनी हुई है। कॉलोनी में पानी की सप्लाई सुचारूपूर्वक नहीं हो रही है। इससे कई तरह की परेशानी उठानी पड़ रही है। कई मजदूरों को आठ-10 दिनों के बाद पानी मिल रहा है। पानी देने में भेदभाव किया जा रहा है। अधिकारियों के क्वार्टरों में पानी का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। महिलाओं ने कहा कि हमलोगों को पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। विभिन्न विभाग के क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों के साथ वार्ता की। अरगड्डा क्षेत्र के अधिकारी गौरव तिवारी ने कहा कि पाइप लाइन में कई तरह की परेशानियां उत्पन्न हो गयी है। इसके कारण कॉलोनी में पेयजल की आपूर्ति सुचारूपूर्वक नहीं हो पा रही है। रोटेशन आधार पर लोगों को पानी दिया जायेगा। कॉलोनी के लोगों ने प्रबंधन से टैंकर के माध्यम से वैकल्पिक तौर पर पानी देने की मांग की। इस पर प्रबंधन तैयार नहीं हुआ। रोटेशन से ही दिन में लोगों को पानी दिया जायेगा। प्रदर्शन में बिजेंद्र प्रसाद, राजेंद्र नायक, एसके दास, जागेश्वर बेदिया, ओमप्रकाश पांडेय, धर्मेंद्र राजभर, इंद्रजीत, चरण, मीरा दुबे, दुखनीबाई, बबली कुमारी, गीता देवी, मंजू देवी, सरिता देवी, संजू देवी शामिल थे।

### पतरातू में मोटर बोट चलाने व लाइफ सेविंग प्रशिक्षण शुरू



पतरातूः झारखंड टूरिज्म विभाग के तत्वावधान में पतरातू डैम में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। इसमें युवाओं को पावर बोट हैंडलिंग, रेस्क्यू व अन्य आवश्यक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक ने बताया कि सभी को मोटर बोट चलाने, बोट को आगे बढ़ाने से पहले सावधानियां बरतने, आपातकाल में रेस्क्यू कर लोगों की जान बचाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। एनआइडब्ल्यूएस (नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ वाटर स्पोर्ट्स) गोवा के मुर्गेसन निवास प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण के लिए 18-18 लोगों की टीम बनायी गयी है। प्रशिक्षण पतरातू व रांची दोनों जगहों पर दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में रांची, गढ़वा, सिमडेगा के ज्यादातर युवा शामिल हैं। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सभी को लाइसेंस भी दिया जायेगा। श्री निवास ने बताया कि उक्त इंस्टीट्यूट एशिया की एकमात्र इंस्टीट्यूट है, जो लाइसेंस जारी करने का काम करती है।

### कार्यस्थल पर महिला के साथ होती है अभद्रता तो करें लिखित शिकायत

**रांची :** हाईकोर्ट की जस्टिस अनुभा रावत चौधरी ने कहा कि अगर कार्यस्थल पर किसी महिला के साथ अभद्रता होती है, तो उसका दायित्व बनता है कि वह इसके खिलाफ लिखित शिकायत करें। इसके लिए हाईकोर्ट में एक कमेटी बनाई गई है, जहां पर शिकायत की निगरानी की जाती है और उचित कार्रवाई भी की जाती है। महिलाएं अपने साथ हुई अभद्रता के खिलाफ शिकायत करती हैं, तो इस तरह के मामलों को रोका जा सकता है। जस्टिस अनुभा रावत चौधरी हाईकोर्ट परिसर में लैंगिक संवेदनशीलता पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहीं थी। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं को सम्मान के साथ रहने का अधिकार है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मनोज प्रसाद ने कहा कि हाईकोर्ट में कमेटी में आने वाली शिकायतों का उचित निस्तारण करती है। वकील और कर्मचारी के अलावा हाईकोर्ट परिसर में अगर किसी मुवक्किल के साथ अभद्रता होती है, तो वह शिकायत कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि अगर महिलाओं को समानता चाहिए तो ऐसी घटना के खिलाफ आवाज उठानी होगी। ऐसे करने से थोड़ी दिक्कत जरूर हो सकती है, लेकिन अपने अधिकार के लिए ऐसा करना होगा, जैसे दीया को रोशनी करने के लिए जलना पड़ता है। कमेटी की सदस्य सचिव तन्वी ने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार कार्यस्थल पर 53 महिलाएं अभद्रता का शिकार होती हैं। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट कमेटी के पास दो मामले आए थे। एक हाईकोर्ट के कर्मियों से जुड़ा था, जिसको अलग-अलग सेक्शन में भेज दिया गया। दूसरा मामला दिल्ली के एक वकील के खिलाफ था, जिन्हें एक साल के लिए हाईकोर्ट में सशरीर उपस्थित होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस दौरान वरीय अधिवक्ता पीपीएन राय, अमित कुमार दास, डॉ राजश्री वर्मा, वकील, कर्मचारी और पुलिस कर्मी भी मौजूद थे।

### श्रीराम कथा में जीवंत झांकियों ने मन मोहा

**रांची :** ओरमांझी के हुटुप गौशाला धाम में आयोजित श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ में चौथे दिन गुरुवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कथा वाचक संगीता किशोरी ने धनुष यज्ञ पर कथा का वाचन किया। कथा को जीवंत रूप में प्रस्तुत करने के लिए झांकियों का आयोजन किया गया। संगीता किशोरी ने धनुष यज्ञ के महत्व को समझाते हुए बताया कि यह यज्ञ केवल एक शारीरिक चुनौती नहीं थी बल्कि यह सत्य, धर्म और शक्ति के प्रतीक के रूप में राम के चरित्र का एक महत्वपूर्ण भाग था। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम के जीवन में कई मोड़ आए, लेकिन धनुष यज्ञ की घटना उनके जीवन का एक प्रमुख और निर्णायक क्षण था। इसमें राम ने भगवान शिव के धनुष को तोड़कर यह सिद्ध कर दिया कि वे ही दुनिया के सर्वश्रेष्ठ और सबसे योग्य धनुषधारी हैं।

# धान की खरीद व भुगतान में तेजी लाने के लिए चावल मिलों की संख्या बढ़ाई जायेगीः मुख्यमंत्री

मेट्रो रेज संवाददाता



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार किसानों से धान की खरीद में तेजी लाने और उनकी उपज का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए राज्य में चावल मिलों की संख्या बढ़ा रही है। सोरेन, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के विधायक जयराम महतो द्वारा धान खरीद के लिए किसानों को भुगतान में देरी के संबंध में विधानसभा में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

महतो ने यह भी पूछा कि क्या सरकार धान खरीद के लिए एकमुश्त भुगतान प्रणाली लागू कर सकती है? खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री इरफान अंसारी ने अपने जवाब में कहा,सरकार जब धान खरीदती है तो पचास प्रतिशत भुगतान किसानों को जारी कर दिया जाता है और शेष राशि सत्यापन के बाद दी जाती है। एकमुश्त भुगतान प्रणाली लागू करने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल सकता है।" मामले में हस्तक्षेप करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों से धान खरीदने से लेकर उसे चावल मिलों तक पहुंचाने तक की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही किसानों को भुगतान किया जाता है।

सोरेन ने कहा, कभी-कभी भंडारण के लिए जगह के अभाव और चावल मिलों की कमी के कारण खरीद और भुगतान में देरी होती है। इस समस्या से निपटने के लिए हम राज्य भर में चावल मिलों की संख्या बढ़ा रहे हैं, जिससे खरीद और भुगतान दोनों में तेजी लाने में मदद मिलेगी।" इससे पहले, भाजपा विधायक नीरा यादव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत सरकार की मईयां सम्मान योजना' की सूची से लाभार्थियों के नाम कथित तौर पर हटाए जाने पर चिंता जताई। उन्होंने दावा किया कि तीन किस्त प्राप्त करने के बाद, कई महिलाओं को प्रमाणीकरण संबंधी मुद्दों के कारण लाभार्थी सूची से हटा दिया गया। यादव ने राज्य सरकार से इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के मानदंडों के बारे में महिलाओं को जानकारी देने के लिए जागरूकता शिविर आयोजित करने का भी आग्रह किया। मंत्री चमरा लिंडा ने भाजपा विधायक को आश्वासन दिया कि सरकार उनके सुझावों की समीक्षा करेगी।

### राज्य के 37.68 लाख विद्यार्थियों को स्कूल बैग देगी सरकार, किताबों को भी किया जाएगा वितरण

मेट्रो रेज संवाददाता



**रांची :** झारखंड में वर्ष 2025-26 में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कुल 37,68,118 बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए जाएंगे। ये बैग राज्य सरकार द्वारा कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को वितरित किए जाते हैं। वहीं राज्य में सरकारी विद्यालयों के विद्याथीर्यों को बैग वितरण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस बार हेमंत सरकार ने हर वर्ष कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को स्कूल बैग देने का फैसला लिया है। बता दें कि नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल 2025 से आरंभ होने जा रहा है। वही सरकार द्वारा सभी विद्यार्थियों को मुफ्त किताबें भी वितरित की जाएंगी। राज्य में कक्षा एक से 12वीं तक के विद्यार्थियों को मुफ्त किताबें दी जाती है।

## जेएलकेएम ने निकाला बालू का अवैध खनन व परिवहन रोकने के लिए मशाल जुलूस

मेट्रो रेज संवाददाता



**सिल्ली :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा सिल्ली ने अवैध बालू ढुलाई रोके जाने को लेकर मशाल जुलूस निकाला। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्थानीय विधायक एवं पुलिस प्रशासन तथा बालू माफिया के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। जेएलकेएम नेता देवेंद्र महतो ने कहा कि क्षेत्र के नदियों में लगातार बालू का अवैध खनन और ढुलाई हो रहा है। इससे नदियों का अस्तित्व खतरे पड़ गया है। गांव के लोग इसका विरोध करते है तो पुलिस झूठा आरोप लगाकर ग्रामीणों के विरुद्ध मामला दर्ज करती है। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते ग्रामीणों की मांग का समर्थन करता हूं तो मेरे विरुद्ध भी झूठा मुकदमा दर्ज किया जाता है । लेकिन मैं डरने वालों में से नहीं हूं। यह वीर शहीदों की धरती है। पत्रकार द्वारा महतो से यह पूछा गया की चर्चा है देवेंद्र महतो जिस घाट का टेंडर हुआ है वहां जाते है और जिस घाट का टेंडर नहीं हुआ है वहां नहीं जाते है इस पर उन्होंने कहा ऐसा कोई बात नहीं है ग्रामीणों की शिकायत जहां की भी होंगी वहां देवेंद्र खड़ा होगा। देवेंद्र का आरोप कुचलकर मारना चाहते है हमकोः अवैध बालू का करोबार का एक बड़ा सिण्डिकेट है इसमें सफेदपोश और शासन प्रशासन मिला हुआ है अवैध कमाई का कमीशन विधायक और पूर्व विधायक को पहुंचाया जाता है। हम चाहते है सरकार का जो नियम है उसके आधार पर बालू का उठाव और परिवहन हो लेकिन यहां सरकार के नियमों को ताक में रख सब अपना पॉकेट भरने में लगे है मुझे यह भी सुचना मिला है की देवेंद्र को सड़क में कुचल दो फिर भी हम डरने वाले नही। मौके पर दर्जनों महिला- पुरुष व समर्थक मौजूद थे।

## बस से चोरी हुए एक करोड़ से अधिक के जेवरात और नकदी बरामद

मेट्रो रेज संवाददाता

**गोविंदपुरः** गोविंदपुर पुलिस ने न्यू मां तारा फैमिली रेस्टोरेंट रतनपुर जीटी रोड से मुजफ्फरपुर निवासी मतिउर्रहमान के बैग से सोना, चांदी, हीरा के आभूषण व दो लाख रुपये नकदी समेत एक करोड़ से अधिक की संपत्ति चोरी मामले का उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने मध्य प्रदेश के एक गांव से चोरी गया माल बरामद कर लिया है। वहीं कांड के मुख्य अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस उपाधीक्षक शंकर कामती एवं पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली ने ोविंदपुर थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर दी। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि अपनी पुत्री की शादी के लिए मतिउर्रहमान कोलकाता से मुजफ्फरपुर जाने वाली बस संख्या बीआर 06 पीएफ 3551 में कोलकाता में सवार हुए थे। उनके साथ उनके पुत्र भी थे। नकदी व आभूषण से भरा बैग बस में रखा हुआ था। रास्ते में गोविंदपुर थाना अंतर्गत न्यू मां तारा एसी फैमिली रेस्टोरेंट के पास बस रुकी और सभी यात्री खाना-पीना, चाय-नाश्ता करने लगे। मतिउर्रहमान बस से उतरना नहीं चाहते थे क्योंकि उनके पास बहुमूल्य सामग्री थी, परंतु उनके और उनके पुत्र दोनों को बस से उतरने के लिए दबाव दिया गया। इस पर दोनों खाना खाने बस से उतरे। जब खाना खाकर सभी बस में सवार हुए तो उनका बैग गायब था।

एसआइटी का किया गया था गठनः घटना के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन द्वारा गठित एसआइटी ने पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय वन शंकर कामती एवं गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के धार जिला अंतर्गत बनावर थाना क्षेत्र के खेरवा जागीर गांव से छापेमारी की। यहां से लगभग एक करोड़ का सोना, चांदी एवं हीरा का आभूषण, रेडो कंपनी के दो डायमंड वॉच, एक टाइटेनिक कंपनी की घड़ी एवं दो लाख रुपये नकद समेत चोरी गए सभी सामान बरामद कर लिया गया। पुलिस ने इस कांड के मुख्य अभियुक्त अकरम खान (35 वर्ष), पिता सत्तार खान, साकिम खेरवा जागीर, थाना बनावर, जिला धार, मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है। उसे जेल भेज दिया गया है।

तीन माह के प्रयास के बाद पुलिस को मिली सफलताः बस से बैग चोरी के बाद वादी मतिउर्रहमान ने गोविंदपुर थाना में कांड संख्या 336/24 , दिनांक 26।12।2024 बीएनएस की धारा 303(2)अंकित कराया था। कांड के उद्भेदन के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक ने विशेष टीम का गठन किया था। कांड के अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक दिनेश प्रसाद मेहता बनाये गये थे। करीब तीन माह के अथक प्रयास के बाद पुलिस को माल की बरामदगी और अपराधी की गिरफ्तारी में सफलता मिली।

### रामनवमी व ईद को लेकर बढ़ाई जायेगी सुरक्षा व्यवस्था

**धनबादः** पुलिस मुख्यालय सभागार में एसएसपी एचपी जनार्दनन के नेतृत्व में क्राइम मीटिंग की गयी। इसमें सभी वरीय पदाधिकारी समेत थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी मौजूद थे। बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के बाद एसएसपी ने विभिन्न थानों में दर्ज लंबित मामलों की जांच में तेजी लाने और समय पर चार्जशीट सौंपने का निर्देश दिया।

ईद व रामनवमी को लेकर रहें सतर्कः एसएसपी ने ईद और रामनवमी को लेकर ने विशेष सतर्कता बरतने को कहा। त्योहार को लेकर सभी थाना प्रभारी को शांति समिति व अखाड़ा दलों के साथ बैठक कर सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक पहल करने और असामाजिक तत्वों को चिह्नित कर उन पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया।

महिलाओं से संबंधित अपराध को गंभीरता से लेंः एसएसपी ने दुष्कर्म, महिला व बाल उत्पीड़न एवं पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों को गंभीरता से लेने, तय समय पर जांच पूरी कर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील रहने को कहा। एसएसपी ने संगठित अपराध करने वाले अपराधियों, गैंग्स से जुड़े विभिन्न मामलों की समीक्षा कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई को तेज करने का निर्देश दिया। इसके अलावा थानों में पेंडेंसी कम करने, भगोड़े अपराधियों की गिरफ्तारी तेज करने, मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने आदि के निर्देश भी दिये। उन्होंने साइबर अपराध से जुड़े लंबित कांडों की भी समीक्षा की और जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया। एसएसपी ने बैठक के दौरान बेहतर कार्य करने वाले 20 थाना प्रभारियों को पुरस्कृत किया और अन्य सभी पदाधिकारियों को कार्य कुशलता में तेजी लाने की हिदायत दी।

## राज्यपाल से मिले दुमका के प्रभारी कुलपति

मेट्रो रेज संवाददाता



**रांचीः** झारखंड के राज्यपाल-सह-राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के प्रभारी कुलपति प्रो0 बिमल प्रसाद सिंह ने राजभवन में भेंट की।राज्यपाल ने राज्य में एकेडमिक कैलेंडर का पालन सुनिश्चित करने का दिया निर्देश : कुलपति ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए व्यापक प्रयास करने के लिए कहा। उनके द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराने, एकेडमिक कैलेंडर का पालन सुनिश्चित करने एवं सत्र को नियमितीकरण के लिए निर्देश दिया गया।राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय में ऐसा शैक्षणिक वातावरण विकसित किया जाए, जो ज्ञान, नवाचार एवं शोध को प्रोत्साहित करे, जिससे विद्यार्थी न केवल अपने विषयों में दक्ष बनें, बल्कि समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दें।

### तड़का गिरने से एक व्यक्ति की मौत, तीन घायल

**लोहरदगाः** जिले में बृहस्पतिवार शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

आकशीय बिजली गिरने की घटना कुडू थाना क्षेत्र के जामरी तालाब के पास हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान तुलु उरांव के रूप में हुई है, जो साइकिल से जामरी गांव स्थित अपने घर लौटते समय आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया।

पुलिस के अनुसार, तुलु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसने बताया कि तुलु के साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति अर्जुन उरांव घटना में झुलस गया और उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि इस घटना में एक मोटरसाइकिल सवार और एक पैदल यात्री भी घायल हो गए, जिनका इलाज जारी है।

## साइबर अपराधियों के एक गिरोह का पर्दाफाश, पुलिस ने सात को किया गिरफ्तार

### स्मार्ट मीटर के नाम पर लोगों के बैंक खाते से उड़ाते थे पैसे

मेट्रो रेज संवाददाता




**जामताड़ा :** जिला पुलिस की साइबर सेल ने बिहार, बंगाल, महाराष्ट्र और कर्नाटक में फर्जी लिंक भेजकर और स्मार्ट मीटर के नाम पर साइबर अपराध के जरिए लोगों के बैंक खाते से रुपए उड़ाने वाले गिरोह के 7 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने छापेमारी कर 7 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

पुलिस सूत्रों ने बीते गुरुवार को बताया कि साइबर अपराध के लिए कुख्यात जामताड़ा के नारायणपुर थाना अंतर्गत बांस पहाड़ी में निमार्णाधीन मकान में छापेमारी कर 7 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने 32 मोबाइल, 37 फर्जी सिम कार्ड और पांच महंगी मोटरसाइकिल भी बरामद की है। इन अपराधियों के पास से पांच आईफोन भी बरामद किया है जिनका इस्तेमाल साइबर अपराध के लिए किया जा रहा था।

गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है पुलिसः पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारिब का कहना है कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए इन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी बिहार और पश्चिम बंगाल, कर्नाटक तथा महाराष्ट्र में लोगों को फर्जी लिंक भेज कर और स्मार्ट मीटर लगवाने के नाम पर साइबर ठगी किया करता था। गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। गिरफ्तार सभी अपराधी जामताड़ा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

# बजट सत्र : विधानसभा के अंदर आपस में भिड़े सरकार के दो मंत्री

संवाददाता




रांचीः विधानसभा बजट सत्र के दौरान सरकार के दो-दो मंत्री और विधायक आपस में उलझ गये। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के बीच सदन के अंदर वाद-विवाद के बीच कार्यवाहक संसदीय कार्य मंत्री सुदिव्य सोनू आ गये और विधानसभा के अंदर इनके बीच जबदस्त टोका-टोकी और वाद-विवाद हुआ।

दअरसल, गोड्डा के पौरेयाहाट से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने विधानसभा में सवाल उठाया कि गोड्डा में नर्सिंग कॉलेज कब बना और कब तक चालू होगा। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि ये बात सच है कि गोड्डा जिला में एक भी नर्सिंग कॉलेज नहीं है। वहां कॉलेज होना चाहिए था, प्रदीप जी काफी अनुभवी विधायक रहे है। वो पांच बार विधायक रहे है फिर भी वहां नर्सिंग कॉलेज नहीं है। मै बहुत जल्द गोड्डा को नर्सिंग कॉलेज की सौगात दूंगा। अभी राज्य में 14 नर्सिंग कॉलेज का संचालन हो रहा है।

मंत्री के जवाब से असंतुष्ट प्रदीप यादव एक बार फिर खड़े हुए और उन्होने कहा कि एक बात समझने की कोशिश करिये कि सौगात की जरूरत नहीं है, कॉलेज बनकर तैयार है, इरफान अंसारी को जवाब देते हुए प्रदीप यादव ने कहा कि आप उस उत्तर को पढ़िये जो आपने दिया है। भवन बनकर तैयार है, हम पूछ रहे है कि ये कब बना और कब इसे शुरू किया जाएगा। सीधा बताईये न इतने भाषण की जरूरत क्या है। फिर विधानसभा अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री से पूछा कि आप जवाब दीजिये कब शुरू होगा। मंत्री इरफान अंसारी अपने सहयोगी कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के सवाल पर कहा कि हमसे ज्यादा वो वही जानते है ! ये कोई प्रश्न है कि कब बना, यही बनवाये होंगे। कब बनवाये होंगे ये भी आपको पता है। आगे इरफान अंसारी ने कहा कि मै स्पष्ट करता हूं विधायक की मै बहुत जल्द इसे शुरू करवाउंगा, गोड्डा से मेरा लगाव है, हमारा संसदीय क्षेत्र भी रहा है गोड्डा । महोदय, हम चाहते है कि राज्य के बच्चे वहां पढ़े।

इसी बीच राधाकृष्ण किशोर की जगह संसदीय कार्यमंत्री का कार्य देख रहे मंत्री सुदिव्य सोनू विधानसभा अध्यक्ष की अनुमति से खड़े हुए और उन्होने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को हिदायत देते हुए कहा कि पता नहीं क्यों ये प्रति हो रहा है कि आब्जेक्टिव सवाल भी नहीं आ रहे है और ऑब्जेक्टिव जवाब भी नहीं आ रहे है। उन्होने विधानसभा अध्यक्ष की ओर मुखातिब होकर कहा कि मेरा आपके माध्यम से आग्रह होगा कि मंत्री से कि आब्जेक्टिव जवाब होने चाहिए। ये कटाक्ष की भाषा, उचित नहीं है सदन में। मै आग्रह करूंगा कि ऑब्जेक्टिव जवाब दीजिये और वो मयार्दापूर्वक होना चाहिए।

संसदीय कार्य मंत्री सुदिव्य सोनू की सलाह के बाद बिफरे स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी एक बार फिर खड़े हुए और उन्होने कहा कि मेरा और प्रदीप जी का मामला था, सोनू जी बहुत जानकार है हर चीज में कुदकते है महोदय, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। फिर सुदिव्य सोनू स्वास्थ्य मंत्री के बयान पर कहा कि ये सदन किसी की व्यक्तिगत संपित्त नहीं है, ये लोकाचार है और लोकाचार में सही व्यवहार करना चाहिए। इस वाद विवाद को विराम देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने अंत में कहा कि मै 6 माह में इसे चालू करा दूंगा।

## झारखंड के कई इलाकों में बदला मौसम का मिजाज

# रांची में छाये काले बादल, जमकर हुई बारिश



### तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि की संभावना आईएमडी ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

संवाददाता

**रांचीः** झारखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है। गुरूवार को ही राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आंधी-बारिश शुरू हो गई थी। शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे रांची के आसमान में काले बादल छाये और जोरदार बारिश हुई। आधे घंटे तक राजधानी समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश हुई।

गढ़वा, पलामू, लोहरदगा, धनबाद, सिमडेगा, गिरिडीह, देवघर, गुमला, कोल्हान समेत राज्य के कई हिस्सों में मेघ के तेज गर्जन और हवाओं के बीच बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश का ये दौर 23 मार्च तक बना रहेगा। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं और कम दवाब क्षेत्र के प्रभाव से मौसम का मिजाज बदला है।

मौसम में बदलाव के कारण सभी जिलों के अधिकतम तापमान में कमी आ गयी है। देवघर में 12 डिग्री सेल्सियस की कमी आयी है। जबकि रांची में 2.8 डिग्री सेल्सियस की कमी आयी है. 24 मार्च से मौसम सामान्य रहने की संभावना है। अभिषेक आनंद ने बताया कि यह बारिश न तो साइक्लोनिक है और न ही प्री मानसून है। ऐसी स्थिति में जब- जब जहां बादल का निर्माण होगा, बारिश होगी।

# ओलिंपियाड में अग्रसेन स्कूल के 16 बच्चों को नेशनल व 46 को स्टेट रैंक



मेट्रो रेज

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के 16 विद्यार्थियों को ब्लूम ओलिंपियाड परीक्षा में नेशनल रैंक मिला है। इसके अलावा 46 विद्यार्थियों ने स्टेट रैंक प्राप्त किया है। अलग-अलग कक्षा के कई विद्यार्थियों को गोल्ड व सिल्वर मेडल भी मिला है। शुक्रवार को स्कूल में सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थी अंग्रेजी, गणित, साइंस, हिंदी, रीजनिंग के ओलिंपियाड में शामिल हुए थे। नेशनल रैंक पाने वालों में नेहाल अंसारी, अंकिता कुमारी, परी कुमारी, मरियम खातून, माही कुमारी, प्रीति कुमारी, मेहर परवीन, राबिलाह फातिमा, नवीन कुमार, साक्षी मुंडा, आदित्य सिन्हा, अंशु कुमार, मनीष कुमार, अंजली कुमारी, आर्यन कुमार बेदिया, साक्षी मुंडा शामिल हैं।

विद्यार्थियों की सफलता पर प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि छात्रों ने नेशनल और स्टेट रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को साबित करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया है। हमारी कोशिश होती है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें और आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रोत्साहित करते रहें। इसी उद्देश्य से ओलिंपियाड को विधिवत स्कूल के सिलेबस में शामिल कर उसकी पढ़ाई कराई जाती है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं से बच्चों को भविष्य में और बेहतर करने की सीख भी मिलती है। बच्चों की सफलता पर ओलिंपियाड कोऑर्डिनेटर अंकित विश्वकर्मा, सूरज सिंह, विजय शर्मा, दीपशिखा समेत शिक्षकों ने बधाई दी है।

# सीएम ने वित्त मंत्री से की मुलाकात उनके स्वास्थ्य की ली जानकारी



मेट्रो रेज

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची के स्टेट हैंगर में वित्त मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। विदित हो कि उन्हें बेहतर इलाज के लिए विशेष विमान से नई दिल्ली ले जाया जा रहा है।

# शहीद रघुनाथ महतो की जयंती मनायी गयी

मेट्रो रेज



**रांची :** रघुनाथ चुआड़ सेना रांची की ओर से अंग्रेजी हुकुमत के विरुद्ध प्रथम संगठित जनविद्रोह चुआड़ विद्रोह (1767-1778 ई.) के महानायक क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो की 287वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर लोवाडीह, राँची स्थित शहीद रघुनाथ महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। अंग्रेजों के जुल्म और महाजनों के शोषण के खिलाफ किसान वर्ग का नेतृत्व करते हुए उन्होंने विद्रोह का बिगुल फुँका था। 21 मार्च 1738 को नीमडीह थाना अंतर्गत रघुनाथपुर के घुटियाडिह गाँव में जन्मे रघुनाथ महतो विद्रोह के दौरान 05 अप्रैल 1778 को सिल्ली के किता-लोटा गाँव में अंग्रेजों की गोली से शहीद हुए थे। झारखंड सरकार से माँग है कि शहीद की गौरवगाथा को इतिहास में समुचित स्थान देने का काम करें और राजभवन स्थित मूर्ति गार्डेन में शहीद की प्रतिमा स्थापित कर उचित सम्मान देने का काम करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश,जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण, जेएलकेएम महिला मोर्चा उपाध्यक्ष निवेदिता महतो,भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी संजय जुरुआर,प्रशिक्षित शिक्षक संघ अध्यक्ष महिपाल महतो,नेशनल पीपुल्स पार्टी महासचिव अमर गुलिआर, टेक्निकल छात्र संघ महासचिव राजु महतो,वीर रघुनाथ महतो महतो यूथ बिग्रेड छोटानागपुर के जगतपाल महतो, अभिजीत,जितेंद्र, विनय, अभिषेक, अर्जुन, आलोक, रमेश, फागु, राहुल, कुलदेव मनोज कानबिंधा, मलिन, भरत, सुमित , राजाराम, रवि महतो व रघुनाथ चुआड़ सेना रांची के सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनिरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से ई–निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा संख्या – 1 इंजी./जय/2025–26/01 कार्य का नाम : जयपुर मंडल कर्वस पर ट्रैक माउंटेड स्वचालित गेज फेस ल्यूब्रिकेटर लगाना 122 नग अनुमानित लागत : 82260337.32 बिड प्रतिभूति राशि : 561300.00 निविदा संख्या – 2 इंजी./जय/2025–26/02 कार्य का नाम : रेवाड़ी–जयपुर – अप और डाउन लाइन में गेज्ड वोर्सिस ट्रॉली प्रणाली का उपयोग करके प्री और पोस्ट टैम्पिंग ट्रैक माप (452) (टी.कि.मी.) अनुमानित लागत : 21589978.88 बिड प्रतिभूति राशि : 258000.00 निविदा संख्या – 3 इंजी./जय/2025–26/03 कार्य का नाम : सहायक मंडल इंजीनियर लाईन जयपुर उपमंडल असलपुर जोबनेर गुड्सशेड (जेओबी) सभी सुविधाओं के साथ गुड्स शेड/फ्रेटटर्मिनल का विकास। अनुमानित लागत : 58895184.89 बिड प्रतिभूति राशि : 445000.00 1. उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड–मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। 2. निविदा संख्या इंजी./जय/ 2025–26–01 व 03 की बन्द होने की तिथि 16.04.2025 समय 15.30 बजे एवं खुलने की तिथी 16.04.2025 समय 16.00 बजे।

338-DK/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर निःशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर

## शिविर में 27 मरीजों की हुई जांच

मेट्रो रेज



**रांचीः** विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर छात्र क्लब चिकित्सा मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) के तत्वावधान में क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा की अध्यक्षता में निःशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किशोर डेंटल रांची (शारदा बाबू स्ट्रीट,सॉलिटेयर कॉम्प्लेक्स) में संपन्न हुआ। जिसमें डेंटल डॉ.ललित किशोर,डॉ.अनामिका मिश्रा,डॉ.शेख शाहीन एवं इनके सहायक उर्वी,अंजली,सुमी द्वारा 27 मरीजों के दंत व मुंह की बीमारियों की जांच की गई एवं सभी दंत मरीजों को संस्था की ओर से दवा के साथ-साथ टूथपेस्ट,टूथ ब्रश आदि भी उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश,संरक्षक दीपक राणा, अशोक शर्मा,अरविंद शर्मा आदि मौजूद थे।मौके पर डेंटल डॉक्टर ललित किशोर ने कहा दंत चिकित्सा शिविर में लगभग 13 मरीजों के मुख मे कैंसर के प्रारंभिक लक्षण पाए गए जिन्हें डॉक्टर ने बायोप्सी करवाने की सलाह दी एवं अभी के बदलते मौसम मे दंत एवं मुख के बीमारियों से बचने के लिए आवश्यक टिप्स भी दीजिए।

आज के शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से राजकिशोर राणा, सुबोध कुमार शर्मा, सुभाष कुमार, राखी राणा व अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मिला प्रतिनिधिमंडल

# मुस्लिम समाज की समस्याओं से कराया अवगत

मेट्रो रेज



**रांची :** कांग्रेस नेता, प्रदेश अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष व समाजसेवी तनवीर खान , गुलाम रब्बानी और रुस्तम अली का एक प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मिला और उन्हें मुस्लिम समाज की समस्याओं से अवगत कराया । मुस्लिम समाज को आजादी के इतने वर्ष बाद भी शिक्षा से दूर रहकर उन्हें केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया । इसकी मूल समस्याओं पर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया । तनवीर खान ने सरकार से मदरसा बोर्ड उर्दू अकादमी का गठन करने की मांग की । स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी है । उन्होंने कहा कि हर समस्याओं का समाधान किया जाएगा ।

# जबरन ऑटो लेने का थाने में दिया आवेदन

मेट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने बताया कि आज सुबह 7:30 बजे रातू रोड किशोरी यादव चौक में रांची रेलवे स्टेशन से आईटीआई बस स्टैंड परिचालन करने वाले ऑटो चालकों सनी कुमार पिता विजय राम जिला चतरा का रहने वाला है और रांची में ऑटो चलकर अपना माता-पिता एवं भाई-बहन का पालन पोषण करता है जिनका ऑटो का नंबर,जेएच1,ए ,8921 है और ऑटो चालक सनी कुमार का ऑटो पैसा नहीं देने के कारण ठेकेदार के आदमी द्वारा ऑटो को जबरन रुकवा कर रख लिया गया है जिसके लिखित शिकायत महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री भोला सिंह के अगवाई में कोतवाली थाना रांची को लिखित कार्रवाई करने की मामले को लेकर आवेदन दिया जा चुका है ।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई–निविदा सूचना

सं. जीएसयू–जेयू–एसएण्डटी–05–2024–25


भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता गति शक्ति यूनिट जोधपुर द्वारा निम्न लिखित सिगनलिंग एवं टेलीकॉम सम्बन्धी कार्य हेतु मुहरबंद ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम :** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के पीपीआर – बारा खंड में भावि डी श्रेणी स्टेशन को बी श्रेणी क्रॉसिंग स्टेशन में अपग्रेड करने के कार्य से संबंधित संकेत एवं दूरसंचार (S&T) कार्य। **2. कार्य की अनुमानित लागत :** रुपये 45303763.44/– **3. ई निविदा जमाकर्ता कार्यालय का पूर्ण पता :** उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय जोधपुर हरीश जोशी मार्ग जोधपुर। **4. बयाना राशि (Bid Security) :** रुपये 3,76,500/– **5. ई निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समय :** 09.04.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक ई टेंडर के माध्यम से आई आर ई पी एस पर ऑन लाईन निविदा जमा की जाएगी । निविदा को 09.04.2025 प्रातः 11.00 के बाद खोली जाएगी। **6. वैब साईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहाँ से टेण्डर का विवरण देखा जा सकें। एवं खरीद की जा सकें। : www.ireps** नोटः– यह एक ई टेण्डर हैं. इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वैब साईट पर टेण्डर डाले।

336-CR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–मुन्ना कच्छप, उम्र–करीब 09 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–3 फीट 5 ईंच पहनावा–लाल रंग का टी शर्ट एवं हॉफ पैंट पहन हुए है।

उपरोक्त लापता लड़का मुन्ना कच्छप, पिता–बंधु कच्छप, ग्राम–गांडीगॉव पहान टोली, थाना–खेलगॉव, जिला–रॉंची जो दिनांक–04.03.2025 को घर से ट्युशन के लिए निकला जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में खेलगॉव थाना काण्ड संख्या–21/2025 दिनांक–12.03.2025 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, रॉंची। –9431102090
थाना प्रभारी खेलगॉव, रॉंची। –8987790607

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 348837 (Police) 24-25 (D)

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।**

## कविता और उसका चमत्कारिक प्रभाव

ग्रीस के एथेन्स नगर के उच्च कुल (कबीले) में 630 ईसा पूर्व में जन्मे महान कवि सोलोन को दार्शनिक और समाज सुधारक के रूप में भी जाना जाता है। देशभक्ति और संवैधानिक सुधार पर उन्होंने कई गीत लिखे। उनके एक गीत की पंक्तियां है-'कुछ दुष्ट लोग धनी होते हैं, कुछ अच्छे लोग निर्धन होते हैं, हम उनके भण्डार के बदले अपना पुण्य नहीं बदलेंगे, पुण्य ऐसी वस्तु है जिसे कोई छीन नहीं सकता परन्तु धन तो दिन भर मालिक बदलता रहता है..' '..उन दोनों के सामने मैंने अपनी शक्ति की ढाल थामी और किसी को भी दूसरे के अधिकार को छूने नहीं दिया..।' पुराने जमाने में ग्रीस के एथेन्स नगरवाले मेगारावालों से वैरभाव रखते थे। सोरोनिक खाड़ी में सलामिस टापू पर कब्जे के लिए एथेंस और मेगारा वालों के बीच कई बार लड़ाइयां हुई पर हर बार एथेन्स वालों को ही हार का सामना करना पड़ता। इस पर सोलोन को बड़ी आत्मग्लानि हुई। उन्होंने एक राष्ट्रवादी कविता लिखी-₹आओ हम सलामिस चलें और उस द्वीप के लिए लड़ें जिसे हम चाहते हैं और अपनी कड़वी शर्म से दूर भागें!₹ अपनी इस कविता को सोलन ने एक ऊँची जगह पर चढ़कर एथेन्स वालों को सुनाया। कविता का भावार्थ यह था- मैं एथेन्स में न पैदा होता तो अच्छा था। मैं किसी और देश में क्यों न पैदा हुआ ? मुझे ऐसे देश में पैदा होना था जहाँ के निवासी मेरे देशवासियों से अधिक वीर, अधिक कठोर-हृदय और उनकी विद्या से बिलकुल बेखबर हों। मैं अपनी वर्तमान अवस्था की अपेक्षा उस अवस्था में अधिक सन्तुष्ट होता। यदि मैं किसी ऐसे देश में पैदा होता तो लोग मुझे देखकर यह तो न कहते कि यह आदमी लड़ाई में हार गये और लड़ाई के मैदान से भाग निकले। प्यारे देशबन्धु, अपने शत्रुओं से जल्द हार का बदला लो। अपने इस कलंक को धो डालो। लज्जाजनक पराजय के अपयश को दूर कर दो। जब तक अपने अन्यायी शत्रुओं के हाथ से अपना छिना हुआ देश न छुड़ा लो तब तक एक मिनट भी चैन से न बैठो।

कहते हैं कि लोगों के दिल पर इस कविता का इतना असर हुआ कि फौरन मेगारा वालों पर फिर चढ़ाई कर दी गयी और जिस टापू पर कब्जे के लिए बार-बार हार का सामना करना पड़ रहा था, उसे एथेन्स वालों ने जीत लिया। खास बात यह थी कि इस लड़ाई में सोलोन ही सेनापति भी थे। कवि सोलोन ग्रीस के सात संतों में से एक हैं। फूलदार पौधों की एक प्रजाति सोलोनिया का नाम सोलोन के नाम पर ही रखा गया है। सोलोन की मृत्यु साइप्रस में लगभग 70 वर्ष की आयु में हुई। उनकी इच्छा के अनुसार, उनकी राख को सलामिस के आसपास बिखेर दिया गया। यह वह द्वीप है जहाँ उनका जन्म हुआ था। दुनिया में बहुत कम कवि हैं, जिनकी कविता का इतना अधिक प्रभाव आम जनमानस पर हुआ। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने सरस्वती के जुलाई 1907 के अंक में 'कवि और कविता' नामक निबंध में कवि सोलोन के इस प्रसंग को उद्धृत करते हुए आधुनिक कविता के संदर्भ में कुछ मानक निर्धारित किए थे, जो आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने लिखा था- 'जिस पद्य के पढ़ने या सुनने से चित्त पर असर नहीं होता, वह कविता नहीं, वह नपी-तुली शब्द स्थापना मात्र है। गद्य और पद्य दोनों में कविता हो सकती है। तुकबन्दी और अनुप्रास कविता के लिए अपरिहार्य नहीं। संस्कृत का प्रायः सारा पद्य समूह बिना तुकबन्दी का है और संस्कृत से बढ़कर कविता शायद ही किसी और भाषा में हो। अरब में भी सैकड़ों अच्छे-अच्छे कवि हो गये हैं। वहाँ भी शुरू-शुरू में तुकबन्दी का बिलकुल खयाल न था। अंग्रेजी में भी अनुप्रासहीन बेतुकी कविता होती है। हाँ, एक जरूरी बात है कि वजन और काफि ये से कविता अधिक चित्ताकर्षक हो जाती है पर कविता के लिए यह बातें ऐसी ही हैं जैसे शरीर के लिए वस्त्राभरण। उनका मानना है कि पद्य के लिए काफि ये वगैरह की जरूरत है, कविता के लिए नहीं। कविता के लिए तो ये बातें एक प्रकार से उलटी हानिकारक हैं। तुले हुए शब्दों में कविता करने और तुक, अनुप्रास आदि ढूँढ़ने से कवियों के विचार-स्वातन्त्र्य में बड़ी बाधा आती है। पद्य के नियम कवि के लिए एक प्रकार की बेड़ियां हैं। उनसे जकड़ जाने से कवियों को अपनी स्वाभाविक उड़ान में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कवि का काम है कि वह अपने मनोभावों को स्वाधीनता पूर्वक प्रकट करे। काफिया और वजन उसकी स्वाधीनता में विघ्न डालते हैं। अच्छी कविता की सबसे सबसे बड़ी परीक्षा यह है कि उसे सुनते ही लोग बोल उठें- ' सच कहा'। जिस देश में ऐसे कई पैदा होते हैं, वह देश भी धन्य है। ऐसे कवियों की कविता ही चिरकाल तक जीवित रहती है। यद्यपि आचार्य जी के साहित्यिक जीवन का आरंभ 1889 में बृजभाषा में लिखी कविताओं से हुआ पर उन्होंने ईमानदारी से स्वीकार किया-'कविता करना आप लोग चाहे जैसा समझें, हमें तो एक तरह दुस्साध्य ही जान पड़ता है। अज्ञता और अविवेक के कारण कुछ दिन हमने भी तुकबन्दी का अभ्यास किया था। पर कुछ समझ आते ही हमने अपने को इस काम का अनधिकारी समझा। अतएव उस मार्ग से जाना ही प्रायः बन्द कर दिया।₹ अपने स्वाध्याय के बल पर उन्होंने कविता को बृजभाषा की जकड़न से निकालने के लिए समय-समय पर 'कविता', 'कवि कर्तव्य', 'कविता का भविष्य', 'कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता' और 'आजकल के छायावादी कवि और कविता' लेखों के माध्यम से अपने समय के कवियों का मार्गदर्शन भी किया।

# भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की ओर दिया जा रहा विशेष ध्यान

केंद्र सरकार ने कैंसर दवाओं के आयात पर कस्टम ड्यूटी को समाप्त कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हुए सर्वाइकल कैंसर के लिए अब तक लगभग नौ करोड़ महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। देश में लगातार बढ़ रही कैंसर के मरीजों की संख्या को देखते हुए देश के समस्त जिलों में आगामी 3 वर्षों के दौरान डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना कर दी जाएगी।

**प्रहलाद सबनानी**

प्राचीनकाल में भारत के नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना का भाव जागृत रहता था। जागरुकता तो यहां तक थी कि किस प्रकार जीवन की दिनचर्या स्थापित हो कि परिवार में कोई बीमार ही नहीं हो, बीमारी का निदान तो आगे की प्रक्रिया रहती है। उस खंडकाल में प्रत्येक नागरिक इतना सजग रहता था कि प्रातःकाल एवं सायंकाल में 5/10 किलोमीटर तक नियमित रूप से पैदल चलना एवं योगक्रिया तथा प्राणायाम आदि का अभ्यास नियमित रूप से करता था ताकि शरीर को किसी भी प्रकार का रोग ही नहीं लगे एवं शरीर स्वस्थ बना रहे। इसके साथ ही खानपान, सामान्य दिनचर्या, सूरज डूबने के पूर्व भोजन करना, रात्रि में जल्दी सोना और प्रातःकाल में जल्दी उठना, दिनभर मेहनत के कार्य करना, जैसी प्रक्रिया सामान्यजन की हुआ करती थी। परंतु आज परिस्थितियां बदली हुई सी दिखाई देती हैं। पश्चिमी सभ्यता की ओर बढ़ रहे रुझान के चलते युवाओं के खानपान में आमूलचूल परिवर्तन दिखाई देता है, दिनचर्या में परिवर्तन दिखाई देता है, रात्रि में बहुत देर से सोना और सूर्य नारायण के उदित होने के बाद दिन में बहुत देर से उठना आदि कारणों के चलते विभिन्न प्रकार की बीमारियां नागरिकों को घेरने लगी हैं। अतः केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए अपने बजट में विशेष प्रावधान करने पड़ रहे हैं। आज केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा यह प्रयास किए जा रहे हैं कि समाज के हर वर्ग तक सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से पहुंचें और आज सरकार की यह प्राथमिकता बन गई है। देश में नागरिकों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 175,000 आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। इन सभी प्रयासों के चलते आज भारत में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में भी व्यापक कमी दृष्टिगोचर हुई है और केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे प्रयासों के चलते एवं अस्पताल, इलाज और दवा की व्यवस्था के कारण एक सामान्य परिवार में स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च निरंतर कम हो रहा है।

भारत में नागरिकों की दिनचर्या में आ रही गिरावट एवं खानपान में आए बदलाव के चलते देश में कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और इसका इलाज महंगा होने के कारण आम नागरिकों के लिए इस बीमारी का इलाज कराना बहुत मुश्किल कार्य होता जा रहा है। अतः केंद्र सरकार ने कैंसर दवाओं के आयात पर कस्टम ड्यूटी को समाप्त कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हुए सर्वाइकल कैंसर के लिए अब तक लगभग नौ करोड़ महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। देश में लगातार बढ़ रही कैंसर के मरीजों की संख्या को देखते हुए देश के समस्त जिलों में आगामी 3 वर्षों के दौरान डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना कर दी जाएगी। इस प्रकार वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 200 डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना की जा रही है। इसी प्रकार केंद्र सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से दिमागी बुखार से लड़ने में देश को बहुत सफलता मिली है। इससे होने वाली मृत्यु दर अब घटकर छह प्रतिशत रह गयी है। केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी के मरीजों की संख्या भी घटी है। भारत को टीबी मुक्त बनाए जाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम की सही ट्रैकिंग रखने के लिए व-हक्ठ नामक पोर्टल लॉन्च किया गया है। इस पोर्टल पर अब तक लगभग तीस करोड़ वैक्सीन खुराक दर्ज हो चुकी है। टेली मेडिसिन के माध्यम से तीस करोड़ से अधिक ईझटेली-कन्सल्टेशन से नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ मिला है।

देश में यदि विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैल रही हैं तो इन बीमारियों के पहचानने के लिए उचित संख्या में डॉक्टरों की उपलब्धता बनी रहे एवं विशेष रूप से गांवों में भी डॉक्टर उपलब्ध रहें इस हेतु केंद्र सरकार द्वारा देश में डॉक्टरों की संख्या को बढ़ाने के लिए पिछले 10 वर्षों के दौरान देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में 110,000 नई मेडिकल सीटों का सृजन, 130 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ, किया गया है। वित्त वर्ष 2025-26 में 10,000 अतिरिक्त मेडिकल सीटों का सृजन भी किया जा रहा है ताकि आगामी पांच वर्षों के दौरान देश के मेडिकल कॉलेजों में 75,000 नई सीटों के सृजन के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। साथ ही केंद्र सरकार हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेडिकल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग को भी बढ़ावा दे रही है। देश में नए बल्क ड्रग और मेडिकल डिवाइसेस के पार्क भी बनाए जा रहे हैं। इनमें रोजगार के अनेक नए अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। जलजनित बीमारियों के बचाव के उद्देश्य से विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने की दृष्टि से, ताकि दूषित जल पीने से होने वाली बीमारियों से नागरिकों की रक्षा की जा सके, केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 से जल जीवन मिशन चलाया जा रहा है और अभी तक 15 करोड़ परिवारों (भारत की 80 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या) को इस योजना के अंतर्गत नलों के माध्यम से शुद्ध जल उपलब्ध कराया जा चुका है।

अमेरिका में किसी नागरिक को यदि किसी डॉक्टर से अपाइंटमेंट लेना हो तो कभी-कभी तो एक माह तक इसका इंतजार करना होता है। इमर्जेन्सी की स्थिति में विशेष इमर्जेन्सी अस्पताल में दिखाना होता है, जहां अत्यधिक महंगी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होती है। यदि किसी नागरिक के पास स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध नहीं है तो सम्भव है कि पूरे जीवनभर की कमाई इन विशेष इमर्जेन्सी अस्पतालों में खर्च हो जाए। अतः स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में अमेरिका में आज डॉक्टर को दिखाकर दवाई लेना अति मुश्किल काम है। इन विकसित देशों के विपरीत, भारत में तो किसी भी मोहल्ले में डॉक्टर को बहुत आसानी से दिखाया जा सकता है एवं तुरंत दवाई ली जा सकती है। आज अमेरिका में स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि वहां के नागरिक बीमार होने की स्थिति में स्थानीय डॉक्टर से चूंकि तुरंत समय नहीं मिल पाता है अतः, ये बीमार नागरिक आस पास के देशों में जाकर अपना इलाज करा रहे हैं। अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों में बिना मेडिकल बीमा के आप जिंदा नहीं रह सकते। अब आप कल्पना करें कि भारत में इलाज कराना कितना आसान है एवं वास्तव में ही इस दृष्टि से हम भारत में एक तरह से स्वर्ग में निवास कर रहे हैं।

कुल मिलाकर देश में उत्तम स्थिति तो यह होनी चाहिए कि देश के नागरिक बीमार ही नहीं पड़ें, यह तभी सम्भव है जब देश के नागरिक अपनी सनातन संस्कृति के संस्कारों का नियमित रूप से अनुपालन पुनः प्रारम्भ करें। यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो केंद्र एवं राज्य सरकारों को नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए इसी प्रकार अपने बजट में बहुत बड़ी राशि का प्रावधान करते रहना पड़ेगा।

**(लेखक- स्तम्भकार हैं।)**

# पहचान खोती कठपुतलियां

राजस्थान में कठपुतलियों का प्रचलन काफी समय से हो रहा है। यहां कठपुतलियां नटों तथा भाटों द्वारा प्रयुक्त होती है। ये नट नाटक भी करते थे, नाचते भी थे एवं विभिन्न प्रकार के शारीरिक करतब भी दिखलाते थे। यह रस्सियों पर भी चलते थे ओर कठपुतलियां भी नचाते थे। नट जाति में प्रचलित एक किवदंती के आधार पर ब्रह्मा के वरदान से एक आदि नट की उत्पत्ति हुई थी। इन नटों के पूर्वज ही विक्रमादित्य के समय में सिंहासन बत्तीसी नामक कठपुतली नाटक के सर्जक थे।

**रमेश सर्राफ धमोरा**

कठपुतली न केवल औपचारिक रचना, रंगमंच की भाषा या एक कला वस्तु है बल्कि यह एक ऐसी आकृति भी है, जिसने लगभग सभी संस्कृतियों में जीवन और मृत्यु की उत्पत्ति, दृश्य और अदृश्य के बीच के संबंध तथा आत्मा और पदार्थ के बीच के संबंध जैसे प्रश्नों को मूर्त रूप दिया है। कठपुतली विश्व के प्राचीनतम रंगमंच पर खेले जाने वाले मनोरंजक कार्यक्रमों में से एक है। कठपुतलियों को विभिन्न प्रकार की गुड्डे-गुड़ियों, जोकर, राजदरबारों आदि पात्रों के रूप में बनाया जाता है। कठपुतली को लकड़ी अर्थात काष्ठ से बनाया जाता था। इस प्रकार काष्ठ से बनी पुतली का नाम कठपुतली पड़ा।

कठपुतलियों का इतिहास बहुत पुराना है। ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में पाणिनी की अष्टाध्यायी के नटसूत्र में पुतला नाटक का उल्लेख मिलता है। कुछ लोग कठपुतली की शुरूआत को लेकर पौराणिक आख्यान का जिक्र करते हैं कि भगवान शिव ने काठ की मूर्ति में प्रवेश कर पार्वती का मन बहला कर इस कला की शुरूआत की थी। सतवर्द्धन काल में भारत से पूर्वी एशिया के देशों इंडोनेशिया, थाईलैंड, म्यांमार, जावा, श्रीलंका आदि में इसका विस्तार हुआ। आज यह कला चीन, रूस, रूमानिया, इंग्लैंड, चेकोस्लोवाकिया, अमेरिका व जापान आदि अनेक देशों में पहुंच चुकी है। इन देशों में इस विधा का सम-सामयिक प्रयोग कर इसे बहुआयामी रूप प्रदान किया गया है। वहां कठपुतली को मनोरंजन के अलावा शिक्षा, विज्ञापन आदि अनेक क्षेत्रों में इस्तेमाल किया जा रहा है। हम हर साल 21 मार्च को विश्व कठपुतली दिवस मनाते हैं। इस दिन का उद्देश्य कठपुतली को वैश्विक कला के रूप में मान्यता देना है। यह दुनिया भर के कठपुतली कलाकारों के सम्मान का एक प्रयास है। एक समय था जब कठपुतली को सिर्फ मनोरंजन का माध्यम समझा जाता था लेकिन आज कठपुतली कला मनोरंजन के साथ लोगों को जागरुक भी कर रही है। प्राचीनकाल से ही जादू-टोनों एवं कुदरती प्रकोपों से बचने के लिए मानव जीवन में पुतलों का प्रयोग होता रहा है। भारत में ही नहीं बल्कि अन्यत्र भी काष्ठ, मिट्टी व पाषाण से निर्मित ये पुतले जातीय एवं पारिवारिक देवताओं के रूप में प्रतिष्ठित होते रहे हैं। भारतीय कठपुतलियों की प्राचीनता के सम्बन्ध में पौराणिक ग्रन्थों में उल्लेख मिलता है। महाभारत में अर्जुन द्वारा ब्रहन्नला को कठपुतलियों का खेल सिखाने का उल्लेख है। महाभारत में रूपजीवन शब्द का भी काफी प्रयोग हुआ है और वह भी पुतलियों के खेल-तमाशों के संदर्भ में। पंचतंत्र नामक ग्रन्थ में ऐसी कठपुतलियों का जिक्र है। जो लकड़ी की खूटियों के सहारे नाना प्रकार के मानवी करतब दिखलाती थी। विक्रमादित्य के समय सिंहासन बत्तीसी नामक एक ऐसा सिंहासन था जो दिन में सम्राट के बैठने के काम आता था और रात को उसकी बत्तीस कठपुतलियां विभिन्न प्रकार से रागरंग कार्यक्रम कर सम्राट को रिझाती थी। राजस्थान की स्ट्रिंग कठपुतलियां दुनिया भर में मशहूर हैं। इसके अलावा उड़ीसा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भी कठपुतलियों की यही कला प्रचलित है। राजस्थानी कठपुतलियों का ओवल चेहरा, बड़ी आंखें, धनुषाकार भौंहें और बड़े होंठ इन्हें अलग पहचान देते हैं। 5-8 डोरियों से बंधी ये कठपुतलियां राजस्थानी संगीत के साथ नाटक पेश करती हैं। राजस्थान में कठपुतलियों का प्रचलन काफी समय से हो रहा है। यहां कठपुतलियां नटों तथा भाटों द्वारा प्रयुक्त होती है। ये नट नाटक भी करते थे, नाचते भी थे एवं विभिन्न प्रकार के शारीरिक करतब भी दिखलाते थे। यह रस्सियों पर भी चलते थे ओर कठपुतलियां भी नचाते थे। नट जाति में प्रचलित एक किवदंती के आधार पर ब्रह्मा के वरदान से एक आदि नट की उत्पत्ति हुई थी। इन नटों के पूर्वज ही विक्रमादित्य के समय में सिंहासन बत्तीसी नामक कठपुतली नाटक के सर्जक थे। भारत की पुरातन संस्कृति का केन्द्रस्थल उत्तर भारत का राजस्थान एवं सिंध क्षेत्र रह चुका है। राजस्थान में कठपुलियों का खेल दिखाने का मंच बहुत सादा होता है। गांव में कठपुतली का खेल दिखाने के लिए दो खाट खड़ी कर उसको ऊपर-नीचे से बांसों से जकड़ कर मंच की शक्ल दे दी जाती है। आगे की तरफ बारादरीनुमा ताजमहल नामक पर्दा लगा दिया जाता है। पृष्ठ भूमि में एक रंगीन काली चादर लगा दी जाती है जिसके पीछे से ये कठपुतलियों का संचालन करते हैं। इनकी कठपुतलियों का आकार लगभग डेढ़ फीट का होता है। इन कठपुतलियों की वेशभूषा पारम्परिक राजस्थानी होती है। राजस्थान के नट जो पहले राजा-महाराजाओं के दरबारों की शोभा बढ़ाते थे, धीरे-धीरे सामाजिक एवं आर्थिक कारण से पिछड़ते चले गये। जिन राजाओं तथा विशिष्टजनों ने उन्हें प्रोत्साहन एवं संरक्षण प्रदान किया उन्हीं की जीवन-गाथायें इनकी पुतलियों का विषय बन गयी। जैसे विक्रमादित्य के काल की ह्लह्लसिंहासन बतीसी, पृथ्वीराज चौहान के समय की ह्लपृथ्वीराज संयोगिता व अमरसिंह राठौड़ह्ल का खेल प्रमुख था। घोर परम्परा एवं जातीय बन्धनों में बंधे हुये ये भाट आज भी अपनी पुतलियों में संशोधन आदि का सुझाव नहीं मानते हैं। राजस्थान में आज इस जाति के लगभग सोलह हजार भाट मौजूद हैं। जिनमें से आठ हजार आज भी कठपुतलियां नचाने का काम करते हैं। कुछ खेती-बाड़ी के धन्धे में भी लगे हुये हैं तो कुछ ने नाच गाने को अपना पेशा बना लिया है। कुछ अपने यजमानों के घर व शादी विवाह के अवसर पर ढोल बजाकर याचक का काम करते हैं। तीन सौ वर्षों से निरन्तर प्रचलन में होने से राजस्थानी कठपुतलियों का मूल नाटक बिल्कुल ही विकृत हो गया है। अब तो दर्शक संचालन शैली तथा नाट्य-विधि के कारण ही कठपुतली का खेल देखते हैं। आज भी राजस्थानी कठपुतलियों में दर्शकों को बांधने की ताकत देखने का मिलती है जो कदाचित अन्य किसी में नहीं है। कठपुतली संचालक द्वारा अपने मुंह से ही सीटीनुमा आवाज निकालकर भाव व्यक्त किया जाता है। आजकल कठपुतली निर्माण कार्य कठपुतली संचालक स्वयं ही करता है क्योंकि पारम्परिक कठपुतली निमार्ता बढ़ई बहुत कम संख्या में रह गये हैं। इन कठपुतलियों को भाट बड़े आदर-भाव से देखते हैं। आज भी इनकी पारम्परिक कठपुतलियों के लंहगों की अनेक परतें इनकी पुरातन प्रियता की द्योतक है। कठपुतलियों के मुंह निर्मित होते हैं तथा अन्य सब अंग रूई व कपड़ों से बनाये जाते हैं। प्रयोग में नहीं आने वाली कठपुतलियों को ये लोग फेंकते नहीं बल्कि आदर पूर्वक जल में प्रवाहित करते हैं। राजस्थानी कठपुतलियों में चेहरे का आकार शरीर से बड़ा, आंखें काफी बड़ी, वक्षस्थल अत्यन्त लघु एवं उभरा हुआ तथा पांवों का न होना इनकी अपनी विशेषता है। इससे कठपुतलियों का संचालन अत्यन्त सजीव बन जाता है। कठपुतलियों के खेल दिखाने वाले दल में दो या तीन व्यक्ति होते हैं। औरतें ढोलक बजाती हैं व मर्द कठपुतलियां चलाते हैं। इनके दोनों हाथ मशीन की तरह चलते हैं। सीटी द्वारा उत्पन्न विविध ध्वनियां, वाचन के साथ पैर से पैदा की गयी आवाजें तथा ढोलक की विचित्र थापें समस्त नाटक को प्राणवान बना देती हैं। राजस्थानी कठपुतलियां पिछले सैकड़ों वर्षों से समाज की अवहेलना व उदासीनता की शिकार रही हैं। इन्हें सरकार से किसी प्रकार का कोई संरक्षण प्राप्त नहीं हुआ है। इन कठपुतली परिचालक भाटों को उनका पिछड़ापन, अंधविश्वास तथा इनकी परम्परागतता ने भी इन्हें काफी हानि पहुंचाई है।

# भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी व्रत से बनी रहती है गणेश जी की कृपा

भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी है, हिन्दू धर्म में इस संकष्टी का विशेष महत्व है। यह व्रत भक्त के जीवन की सभी समस्याओं को खत्म कर नए सुवअसर प्रदान करता है तो आइए भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं। भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी के दिन भगवान गणेश की पूजा होती है। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की कृपा पाने के लिए यह व्रत फलदायी माना जाता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार इस व्रत को रखने से व्यक्ति को भगवान गणेश का महा वरदान अवश्य प्राप्त होता है। यदि आप किसी कारणवश इस दिन व्रत और पूजा नहीं कर सकते हैं तो केवल भगवान गणेश के 12 नामों का स्मरण जरूर करें इससे आपकी सभी मनचाही मनोकामना पूरी हो जाएगी। भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी हिंदू धर्म में एक अत्यंत शुभ दिन माना जाता है। यह व्रत भगवान गणेश को समर्पित होता है, जो सभी विघ्नों को दूर करने वाले और भक्तों को सुख-समृद्धि प्रदान करने वाले देवता हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर माह में दो चतुर्थी तिथियां आती हैं, शुक्ल पक्ष की विनायक चतुर्थी और कृष्ण पक्ष की संकष्टी चतुर्थी। संकष्टी चतुर्थी का विशेष महत्व होता है, क्योंकि इस दिन भगवान गणेश की पूजा करने से समस्त कष्टों और परेशानियों से मुक्ति मिलती है। इस साल भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी 2025 में चैत्र मास के कृष्ण पक्ष में 17 मार्च को मनाई जा रही है। इस दिन भगवान गणेश की विशेष पूजा-अर्चना करने से सभी इच्छाओं की पूर्ति होती है और घर में सुख-शांति बनी रहती है। इस दिन व्रत करने और भगवान गणेश की विधिपूर्वक पूजा करने से जातकों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। भालचंद्र सकंष्टी चतुर्थी के दिन गणपति जी को उनकी प्रिय चीजों का भोग भी जरूर लगाना चाहिए। ऐसा करने से घर में सुख-समृद्धि और संपन्नता आती है।

भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी के दिन भगवान गणेश को लगाएं इनका भोग, मिलेगा लाभ

भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी का व्रत चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। इस दिन भगवान गणेश को उनके प्रिय चीजों का भोग जरूर लगाना चाहिए।

1. मोदकः भगवान गणेश को मोदक अति प्रिय है, तो भालचंद्र सकंष्टी चतुर्थी के दिन गणपति जो को मोदक का भोग जरूर लगाएं।
2. बूंदी के लड्डूः सकंष्टी चतुर्थी की पूजा में बूंदी के लड्डू का प्रसाद अवश्य रखें, पूजा के बाद गणेश जी को बूंदी के लड्डू चढ़ाएं। यह भोग भी बप्पा को पसंद है।
3. चावल की खीरः भालचंद्र सकंष्टी चतुर्थी के दिन भगवान गणेश को खीर का प्रसाद भी चढ़ाएं, गणपति जी को खीर का भोग लगाने से व्यक्ति को बुद्धि, ज्ञान और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।
4. फलः गणपति जी को फल में केला, नारियल का भोग भी अर्पित कर सकते हैं, इन चीजों का भोग लगाने से भी बप्पा का आशीर्वाद मिलता है।

## सेहत

### चकोतरा खाने से कभी नहीं आएगा हार्ट अटैक, साफ हो जाएंगी नसें

खतरनाक बीमारियों में से दिल की बीमारी भी है। खराब लाइफस्टाइल और गलत खान-पान के कारण हेल्थ पर असर पड़ता है। दिल की बीमारी से हर साल लाखों लोगों की मौत हो रही है। खाने में फैट की ज्यादा मात्रा, एक्सराइज की कमी, स्मोकिंग-एल्कोहॉल से इन कार्डियोवैस्कुलर डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। जिससे हार्ट का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप हार्ट अटैक से बचना चाहते हैं, तो चकोतरा फल जरुर खाएं।

**चकोतरा खाने से घटेगा कोलेस्ट्रॉल**

चकोतरा फल में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह फल बेहद खट्टा होता, जिस वजह से कई लोग इसका सेवन नहीं करते हैं। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की एक पुरानी रिपोर्ट के मुताबिक कि यह फल गंदा कोलेस्ट्रॉल कम करके आर्टरी को साफ करने के काम आ सकता है।

**चकोतरा खाने का सही तरीका**

अमेरिक हार्ट एसोसिएशन बताया है कि चकोतरा को संतरे की तरह खाना चाहिए। इसका छिलका हटाकर खाएं। एक-एक फांक जरुर खाएं इसके साथ ही फंकों के ऊपर की झिल्ली को फेंके नहीं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

साहिबगंज : जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत अंजुमन नगर निवासी मोहम्मद यूनुस उर्फ बाबा के 22 वर्षीय पुत्र मोहम्मद गुलाम रसूल उर्फ. मोहम्मद राहुल ने बुधवार की रात्रि फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वही जिरवाबाड़ी थाना को सूचना मिलने पर अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और मामले की छानबीन में जूट गए।वही मृतक के पिता मोहम्मद यूनुस ने बताया कि मृतक गुलाम रसूल 6 महीना पहले ही शादी हुई थी। गुलाम तीन दिनों से अपने ससुराल जोका तीनपहाड़ में था। गुलाम रसूल बीते दिन के शाम अपने घर शाम 5 बजे के लगभग आया। वही मृतक के भाई मोहम्मद सोनू ने बताया कि गुलाम रात में खाना खा के सोने चला गया। वही गुरुवार की सुबह हमलोग सेहरी करके उसे जब रूम में उठाने गए तो देखा कि फँखा से लटका हुआ है। हमलोग दरवाजा तोड़ कर शव को नीचे उतरा ।वही जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।वही एस आई सरफुद्दीन खान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### सात परिवार को मिली राहत सामग्री

साहिबगंज : शहर के एसपी राय रोड़ सुर्या नर्सिंग होम के सामने झुग्गी झोपडी मे लगी आग मे पीड़ित परिवार को भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव के अनुपस्थिति मे उनके प्रतिनिधि के रुप मे कृष्णा शर्मा ने आगजनी के शिकार सात परिवार को राहत सामग्री के रुप मे चुडा, गुड़,मुडी,त्रिपाल,सांडी,लुंगी के आलावे नगद राशि दिया।वही भाजपा राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव ने दूरभाष पर कहा कि मेरी पूरी संवेदना पीड़ित परिवार के साथ है।चुकि मै शहर से बाहर हूं।इसलिए मेरे प्रतिनिधि के द्वारा मैने यथासंभव सहयोग के रूप में राहत सामग्री के अलावे नगद राशि दिया।वही उन्होंने कहा कि घटना के संबंध में जिला प्रशासन से भी बात कर पीड़ित परिवारो के लिए सरकारी सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे।मौके पर सत्य प्रकाश सिन्हा,विजय सिन्हा,कुंदन पासवान,हिरन तांती,आलोक पोद्दार के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

### मंईयां सम्मान योजना से वंचित महिलाओं ने विधायक प्रतिनिधि से की मुलाकात

**साहिबगंज/बरहरवा :** नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 03 की दर्जनों महिलाओं ने बरहरवा राजमहल रोडबसीर गैरेज स्थित कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के निजी कार्यालय में पहूंच कर उनसे मुलाकात की एवं महिलाओं के साथ हो रही समस्याओं से अवगत कराया और मइया सम्मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में पांच किस्त तक मइया सम्मान योजना की राशि प्राप्त होने के उपरान्त इस बार की किस्त 7500 रु बहुत सी महिलाओं के खाते में नही आई।सभी महिलाओं ने यह बताया कि सरकार के द्वारा दिये गए गाइड लाइन के अन्तर्गत हम सभी के खाते सही होने के वावजूद पैसा नही आया।विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने उपस्थित महिलाओं की बातों को सुना और सभी के कागजातों का अवलोकन करने के उपरांत सभी महिलाओं को आश्वासन दिया कि विभागीय जांच के उपरान्त उक्त समस्याओं का समाधान करने का प्रयत्न किया जायेगा।साथ में प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार सहित,फरहीन प्रवीन,जन्नतुन निशा,विनीता कुमारी जुली खातून,ज्ञानवती कुमारी,हेमलता कुमारी पूजा दास,पिंकी कुमारी दास,यासमीन खातून,रूबी देवी साहिबा खातून,आकांक्षा कुमारी,आइशा खातून सकीना खातून,सबा खातून,पुतुल बीबी,सजेदा खातून,जूही खातून,नंदनी कुमारी एवं अन्य सहित दर्जनों महिलाये उपस्थित थे।

### जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में भाग लेने के विवेक यादव मुंबई रवाना

**साहिबगंज :** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली एवं रिलायंस फाउंडेशन द्वारा जियो इंस्टिट्यूट, यूलवे ,नवी मुंबई में 20 से 21 मार्च,2025 तक आयोजित 4थीं चौथी इंडियन ओपन जेवलिन थ्रो अंडर 18 आयु वर्ग प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सकरीगली के विवेक यादव मुंबई रवाना हुए। वो 21 मार्च को प्रतियोगिता में शामिल होंगे । उपायुक्त हेमंत सती,जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा समेत जिले वासियों ने बेहतर प्रदर्शन हेतु विवेक को शुभ कामना दी ।

### किसानों को नैनो डीएपी नौ यूरिया प्लास को लेकर जागरूक



**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड की श्रीधर पंचायत के क्लोनी नंबर 10 में गुरुवार को किसान दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लास उपयोग आधारित ये कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को नैनो डीएपी नौ यूरिया प्लास को लेकर जागरूक किया गया। श्रीधर के दो किसानों ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा की नैनो डीएपी उपयोग किया गया था। उस से क्या लाभ हुआ है। सबसे पहले संजय बराई ने बताया हम लहुसन में नैनो डीएपी उपयोग किया था जो पहला अनुकरण एक सामन था परंतु पारंपरिक वाले वैसा नहीं था।और जो लहसुन कि काली थी चमकदार और टाइट भी थी। उन्होंने बताया हमने मंगरोल में नैनो यूरिया प्लस से स्प्रे किया था कल जीरा मंगरोल वो नीचे नहीं गिरा पहले फल आठ था तो गिर जाता था परंतु एक दम सही था।दूसरे किसान रतन राय ने बताया कि 5 बीघा में मैंने 4 बीघा पारंपरिक यूरिया डीएपी डाले और एक बीघा खेती नैनो डीएपी एवं यूरिया से किए पारंपरिक यूरिया डीएपी डाले लेकिन कम मात्रा में फसल अच्छा भी हुआ लहसुन का मार्केट दाम भी अच्छा मिला। मुख्य अतिथि के रूप में आए डॉक्टर पी बी मेहता वरीय वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र साहिबगंज गरमा फसल प्रबंधन पर बात किए। डाक्टर माया कुमारी वरीय वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र साहिबगंज उन्होंने किसान जो फसल लगाए थे उनसे बात कि एवं नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लास पर बात कि किसान के खेत में जाकर डेमोंस्ट्रेशन भी देखा। उद्धव बीटीएम कुमार सौरभ झारखण्ड सरकार की योजना मिटी जांच के बारे में बताए। अंत में इफको के मार्केटिंग स्टाफ अनूपम मण्डल सभी किसान बंगला भाषाई था। अपने बंगला भाषा में नैनो डीएपी नैनो यूरिया प्लास किस प्रकार खेत में उपयोग करें इसकी जानकारी दिए सभी किसान से अपना दूरभाष नंबर साझा किए और बोले जो भी किसान डेमोंस्ट्रेशन नैनो की जानकारी चाहिए वो कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते है। नवीन राय फिल्ड ऑफिसर दुमका इफको के अन्य उत्पाद जैसे जिंक,बोरोन,सल्फर, जल घुलनशील खाद,नेचुरल के व सागरिका किसान से चर्चा की एवं किसान बंधु इफको नए नैनो उर्वरक जैसे नैनो जिंक,नैनो कॉपर,एवं ग्राणुरल नैनो खाद कि जानकारी साझा किए।किसान दिवस में श्रीधर पंचायत के लगभग 4 पंचायत के किसान ने भाग लिया उनके संख्या 65 से 70 थी। उनके द्वारा भी नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी स्प्रे कब करेंगे, कैसे करेंगे प्रश्न किया गया। अंत में किसान के खेत में वैज्ञानिक एवं ग्रामीण किसान देखने के लिए आए।

# इंटरैक्टिव सेशन्स के माध्यम से लोगों को गंगा संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाएं : उपायुक्त



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** गंगा नदी के संरक्षण और स्थानीय समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गंगा प्रहरी कॉन्क्लेव का आयोजन साहिबगंज में किया गया। यह दो दिवसीय कार्यक्रम गंगा के पर्यावरणीय महत्व, जल संरक्षण और सतत विकास जैसे विषयों पर केंद्रित रहा।कार्यक्रम में उपायुक्त हेमंत सती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने गंगा प्रहरी दलों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा 21वीं सदी में हम कई पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। जिनमें सूखती नदियां और घटते जल स्त्रोत प्रमुख हैं। ऐसे में गंगा प्रहरी जैसे स्थानीय स्वयंसेवक जल संरक्षण के प्रयासों में अहम भूमिका निभा सकते हैं।उन्होंने जल प्रदूषण रोकने और गंगा नदी की स्वच्छता बनाए रखने में समुदाय की भागीदारी को आवश्यक बताया।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह और वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग भी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होने कहा कि जल संरक्षण और जैव विविधता की सुरक्षा के लिए गंगा प्रहरी और वन विभाग के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जल प्रदूषण रोकने और स्थानीय स्तर पर जागरूकता फैलाने में गंगा प्रहरियों की भूमिका को रेखांकित किया।कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी गई कि जिले में करीब 200 गंगा प्रहरी सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। ये स्वयंसेवक न केवल गंगा नदी की स्वच्छता सुनिश्चित करते हैं। बल्कि स्थानीय लोगों को जागरूक करने और जल स्त्रोतों की रक्षा करने में भी योगदान देते हैं। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन इन गंगा प्रहरियों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।उन्होंने कहा कि जलकुंभी जैसे जल संकट बढ़ाने वाले पौधों को हटाने और उनका उपयोग करने की दिशा में आजीविका के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। गंगा प्रहरियों को इस संबंध में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर ब्यूटी प्रोडक्ट्स जैविक उत्पाद और अन्य छोटे उद्योगों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। गंगा प्रहरियों को जल संरक्षण प्रदूषण नियंत्रण और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा के तरीकों पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि समुदाय के सहयोग के बिना कोई भी अभियान सफल नहीं हो सकता। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जन-जागरूकता कार्यक्रम और इंटरैक्टिव सेशन्स के माध्यम से लोगों को गंगा संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाएं। अलावा पुलिस अधीक्षक ने भी अपने संबोधन में गंगा प्रहरी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सामुदायिक भागीदारी से ही गंगा को स्वच्छ और सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण और जल संरक्षण दोनों ही मामलों में स्थानीय लोगों की भागीदारी से सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।इस कार्यक्रम ने न केवल जल संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक किया। बल्कि स्थानीय स्तर पर गंगा प्रहरी जैसे सामुदायिक संगठनों की भूमिका को भी सशक्त किया। साहिबगंज प्रशासन ने इस पहल को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया ताकि गंगा नदी को स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जा सके।

## परीक्षा शांतिपूर्वक कदारचार मुक्त व स्वच्छ वातावरण में आयोजित



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** मॉडल कॉलेज राजमहल को परीक्षा केंद्र बनाया गया। जिसमें एसआरटी. कॉलेज, धमड़ी गोड्डा
बीएलएनएल बोहरा कॉलेज राजमहल की यूजी सेमेस्टर - 3,2023 सत्र 2022-26 की प्रेक्टिकल परीक्षा दोनों पाली में लगभग 127 छात्र,छात्राएं शामिल हुए।परीक्षा शांतिपूर्वक कदाचार मुक्त संपन्न हुआ। परीक्षार्थी अनुशासित होकर परीक्षा में शामिल हुए।इस परीक्षा का केंद्राधीक्षक मॉडल कॉलेज राजमहल के प्राचार्य डॉ.रणजीत कुमार सिंह को बनाया गया।डॉ रणजीत कुमार सिंह ने कहा परीक्षा शांतिपूर्वक कदारचार मुक्त व स्वच्छ वातावरण में आयोजित की गई।छात्र,छात्राओं को बैठने,पेयजल एवं अन्य सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई।इसी के साथ मॉडल कॉलेज राजमहल,साहिबगंज में 'विश्व गौरैया दिवस' का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ.रणजीत कुमार सिंह ने की।प्राचार्य ने कहा कि समाज में गौरैया पक्षी के महत्व को बताते हुए कहा कि हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गौरैया बहुत जरूरी हैं।ये पौधों की वृद्धि,जैव विविधता,पर्यावरण आदि की वृद्धि में सहायक होती है।डॉ सिंह ने गौरैया पक्षी को संस्कृति से जोड़ते हुए आगे कहा कि कई संस्कृतियों में प्रतीकात्मक पक्षी माना गया है।हिंदू धर्म में गौरैया को मृत्यु और भाग्य का प्रतीक,ग्रीक पौराणिक कथाओं में गौरैया को प्रेम और अपने परिवार के प्रति समर्पण का प्रतीक बाइबिल में गौरैया को ईश्वर का प्रतीक माना गया है।वे आगे कहते हैं। कि जो गौरैया हमारी फसलों को कीड़ों से बचाती है।उसे बचाने के लिए हमें आगे आना चाहिए। गर्मी का मौसम आने वाला है।गौरैया को वापस बुलाने के लिए घर की छत पर दाना,पानी रखें और घर के आस-पास पेड़-पौधे लगाएं, क्योंकि यही गौरैया का प्राकृतिक परिवेश है।गौरैया को बचाने के लिए आप मार्केट में बने आर्टिफीशियल घोंसले भी लाकर घर की छत पर रख सकते हैं। इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अमित कुमार,अंग्रेजी विभाग के सहायक अध्यापक डॉ विवेक कुमार महतो,रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अरविंद कुमार पाण्डेय तथा कॉलेज सभी कर्मचारीगण ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## उधवा झील और पक्षी अभ्यारण्य पर्यावरणीय दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह और वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रलव गर्ग ने संयुक्त रूप से उधवा प्रखंड कार्यालय अंचल कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और राधानगर थाना का निरीक्षण किया। इन संस्थानों की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय में चल रहे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने पदाधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली और समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। अंचल कार्यालय में मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश देते हुए जनता को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं देने पर जोर दिया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उधवा के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति जानी। उन्होंने दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टरों की उपस्थिति और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही अस्पताल परिसर की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देने को कहा।
राधानगर थाना के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने थाने में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। थाने की इंफ्रास्ट्रक्चर स्थिति को सुधारने पर भी चर्चा की गई।
इसके बाद उधवा पक्षी अभ्यारण्य का दौरा किया। उपायुक्त हेमंत सती ने अभ्यारण्य में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि उधवा झील और पक्षी अभ्यारण्य पर्यावरणीय दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं। पक्षी अभ्यारण्य में प्रवासी पक्षियों के संरक्षण को लेकर विशेष कदम उठाने की बात भी कही गई।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्थानीय लोगों को अभ्यारण्य की जैव विविधता को बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उधवा झील के संरक्षण और साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल सदानंद महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी जयंत तिवारी, नमामि गंगे डीपीओ अमित मिश्रा, राधानगर थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## पांच घरों में आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/मंडरो:** प्रखंड के मिजाचौकी थाना क्षेत्र के गांधीनगर गांव में बिते दिन लगभग 12 बजे आग लगने से पांच घर जल कर राख हो गया।आग तब लगी जब सभी लोग सोये हुए थे जिससे अनाज फंकपड़ा, वस्त्र, वर्तन मोटरसाइकिल, साईकिल सहित आवश्यक कागजात सहित लाखों लाख रुपए की समान जल कर खाक हो गया। अग्नि पीड़ित कमल यादव, राजेश यादव,युगेश यादव,रामाशंकर यादव, राजेंद्र यादव का घर सहित घर में रखा हुआ सभी समान जल गया।अब रहने का छत नहीं रहा आग कैसे लगी पीड़ित परिवार का कहना है कि घर के पीछे भुसा रखने की झोपड़ी की ओर से आग लगी होगी चूंकि खाना खाकर सभी परिवार के लोग सो रहे थे। आधी रात को धुंआ एवं आग की लपक देख कर परिवार के चिल्लाने लगे कुछ समझ पाते तब-तब आग की लपटें भयावहता ने देखते ही देखते सब कुछ जल कर राख हो गया। पांचों पीड़ित परिवार से लाखों की समान जलकर राख हो गया।राजेश व कमल ने कहा कि रात में दमकल की सूचना दी गई पर रेलवे गेट जाम रहने के कारण समय पर नहीं पहुंच पाई अब केवल पहने वस्त्र ही बचा सब कुछ जल गया कुछ नहीं बचा वहीं अंचल राजस्व कर्मचारी फारुख अंसारी घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जायजा लिया है। ग्रामीणों ने कहा कि बीडीओ सह सीओ को सूचना दी गई है। सुखा राशन व पैलेथींग की व्यवस्था होनी चाहिए। सूचना मिलते ही मिजाचौकी थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मिलकर आग लगी का जायजा लिया।सुचना पाकर बीडीओ सह सीओ मेघनाथ उरांव, प्रभारी प्रमुख शिला देवी, घटना स्थल पर पहुंच कर अग्नि पीड़ित परिवारों से मिलकर आश्वासन दिया हर संभव सरकारी मदद का भरोसा दिया। अग्नि पीड़ित पांच परिवार को एक -एक पाकेट चावल,कम्बल, त्रीपाल,सहीत सुखा सामग्री, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने की बात कही गई।

### आए दिन ऐसी घटना होती रहती है स्टाफ और डॉ कोई भी सुरक्षित नहीं हैं : डॉ मुकेश

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल में गुरुवार की संध्या एक मरीज की मौत इलाज के क्रम हों गई।वही दो युवकों ने सदर अस्पताल हंगामा करते हुए ड्यूटी में रहे सिस्टर मंजुला एवं डाक्टर मुकेश कुमार के साथ हाथापाई पर उतर गए और गाली गलौज करते हुए तोड़फोड़ किया।जिरवाबाडी पुलिस को सुचना मिलते ही अस्पताल पहुंच कर मामले की जांच करते हुए एक युवक को हिरासत मे ले लिया।सिस्टर मंजूला ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह अनिल मुर्मू उम्र 43 वर्ष को 11:40 को सदर अस्पताल में भर्ती किया गया।वही संध्या के समय अनिल मुर्मू की मृत्यु इलाज के क्रम में हो गया। परिजनों द्वारा हंगामा करते हुए ड्यूटी रूम का दरवाजा का शिशा तोड़ दिया ।वही डॉ के साथ भी अभरद्र व्यवहार किया और मार पीट करने की कोशिश किया। वही डॉ मुकेश कुमार की सूज बुझ से जिरवाबाड़ी पुलिस को इसकी सूचना दी गई।वही पुलिस प्रशासन पहुंच मामले को शांत करते हुए।आरोपी को हिरासत ले कर थाना ले गया। वही डॉ मुकेश ने बताया कि मरीज अनिल मुर्मू की मौत इलाज की दौरान हो गई । वही परिजनों को डेथ केरिंग सर्टिफिकेट दे दिया गया। वही बताया की डॉ मुकेश ने बताया कि हमलोगों की सुरक्षित नहीं हैं ।मरीज के मौत के बाद परिजन हंगामा करते हैं।आज हम लोगों अपने आप को रूम में बंद कर लिए जिस तरह से शराब के नशे में बदसलूकी कर रहा था। बडी घटना घट जाती।आए दिन ऐसी घटना होती रहती है स्टाफ एवं डॉ कोई भी सुरक्षित नहीं हैं।

## औद्योगिक गलियारा के लिए भूमि चिन्हित किए जाने पर ग्रामीणों ने निकाला विरोध रैली



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बोरिया :** अंचल के साहिबगंज-गोविंदपुर हाईवे पर बनने वाले औद्योगिक गलियारा के लिए मौजा जेटके कुम्हार जोरी को चिन्हित करने के विरोध में पथरा के ग्राम प्रधान नरसिंह मरांडी के नेतृत्व में दर्जनों ग्राम प्रधान की मौजूदगी में हजारों की संख्या में हाथों तख्ती लिए ढोल नगाड़ों के साथ परंपरिक हथियार के साथ बोरियो के डाकबंगला से रैली निकाली गई रैली पूरे बोरियो बाजार बाजार होते हुए प्रखंड परिसर में रैली को समाप्त कर मुखिया, ग्राम एवं अन्य लोगों ने ग्रामीणों को संबोधित कर जमीन की रक्षा करने का संदेश दिया। यही उसके पश्चात प्रधान एवं ग्रामीणों ने राज्यपाल के नाम सीओ को ज्ञापन सौंपा। प्रधान नरसिंह मरांडी ने बताया कि डीसी के द्वारा ग्राम सभा वह ग्राम प्रधान की बिना अनुमति के जमीन को चिन्हित कर सरकार को पत्र भेजा गया है। जो सरासर गलत है। औद्योगिक गलियारा के लिए बीरबल कांदर, तेतुलिया के लिए 590 एकड़ जगह उसके बाद चलधोवा कुम्हारिया रामपुर, कामोगोडा, सरायबिंधा, जेंटके, करमाताड़ मौजा का नाम शामिल किया गया है।उन्होंने बताया कि भारत के संविधान 13/3 क में जब ग्राम सभा को अधिकार दिया गया है कि अनुसूचित क्षेत्र में जो भी कार्य होंगे उसमें बिना ग्राम सभा के अनुमति से कोई कार्य की निर्माण या घोषणा नहीं कर सकती है।उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट विद्यांता 18 अप्रैल के द्वारा कहा गया है कि लोकसभा न विधानसभा सबसे बड़ा ग्राम सभा को कहा गया है इसके बावजूद सरकार धोखाधड़ी कर रही है।समता जजमेंट के अनुसार 11 जुलाई 1997 सुप्रीम कोर्ट के द्वारा कहा गया है कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की यहां एक भी इंच की जमीन नहीं है इसके बावजूद आदिवासी की जमीन के साथ छेड़छाड़ कर रही है।उन्होंने कहा कि के हम सभी आदिवासी जो परंपरागत रूप से वनों पर एवं खेती,बाड़ी पर ही आश्रित है।हम आदिवासी आदिकाल से जमीन पर खेती,बाड़ी एवं पेड़ पौधो की रक्षा करते आये है। जिससे शुद्ध भोजन तथा शुद्ध पर्यावरण मिलता है।मौके पर मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र मालतो,बड़ा रक्सो मुखिया ताला हंसदा,चलधोवा ग्राम प्रधान तालामय हेंब्रम,शाहरपुर प्रधान होपनमय मुर्मू,जेटके प्रधान विनोद पहाड़िया,कुश्टाड़ प्रधान चांदी पहाड़िन,सरायबिंधा के प्रधान विजय हेंब्रम, कामोंगोड़ा के प्रधान सुकरा पहाड़िया,रामपुर के प्रधान प्रधान हेंब्रम,कुम्हारिया के प्रधान विरधन सोरेन,जीतपुर के प्रधान बोपला हेंब्रम,पाराडार के प्रधान चांद मुर्मू,अमरपुर के प्रधान नंदू बास्की,एवं शहरजोरी और रचाताड़ के ग्राम प्रधान खैरवा मुखिया बबलू मुर्मू,रतन मरांडी, पंचायत समिति सदस्य रमेश सोरेन,अनिल मालतो सहित अन्य हजारों ग्रामीण मौजूद थे।




## कुछ कुछ होता है में
# ऐश्वर्या ने इसलिए नहीं किया था काम

ऐश्वर्या राय ने फिल्म करण जौहर की फिल्म कुछ कुछ होता है में काम करने से मना कर दिया था। अब उन्होंने बताया है कि उन्होंने ऐसा क्यों किया था? ऐश्वर्या राय बच्चन का फिल्मी करियर दो दशक लंबा रहा है। उन्होंने अपने करियर के दौरान कई फिल्मों के ऑफर ठुकरा दिए। उन्होंने ये ऑफर अपनी स्टार वाली छवि को देखते हुए ठुकराए थे। जबकि कुछ ऑफर की वजह से उन्हें बहुत शोहरत मिली। करण जौहर ने ऐश्वर्या राय को फिल्म कुछ कुछ होता है फिल्म ऑफर की थी लेकिन ऐश्वर्या ने इसमें काम करने से मना कर दिया। कुछ कुछ होता है फिल्म में ऐश्वर्या राय को रानी मुखर्जी का रोल अदा करने के लिए दिया गया था। फिल्म में रानी मुखर्जी शाहरुख खान की पहली प्यार थीं। लेकिन ऐश्वार्या राय ने इस रोल को करने से मना कर दिया था। इसकी वजह यह थी कि उनको लग रहा था ये रोल लोगों को पसंद नहीं आएगा और इस पर उन्हें बहुत नाकारात्मक प्रतिक्रिया देंगे। उनको लग रहा था कि इस फिल्म में अगर वह यह किरदार अदा करेंगी और इस पर नकारात्मक प्रतिक्रिया आएगी तो उन्हें बुरा लगेगा।

### कई लोगों ने रिजेक्ट किया था ये रोल

ऐश्वर्या ने कहा अगर मैं ये फिल्म करती, तो लोग इस पर हंसी उड़ाते कि देखो ऐश्वर्या वही कर रही हैं जो वह मॉडलिंग के दिनों में कर रही थीं। क्या आपको पता है कि अगर मैं कुछ कुछ होता है फिल्म करती तो मेरे फैंस मुझे मार देते। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि फिल्म में रानी मुखर्जी ने जो रोल किया है वह रोल ट्विंकल खन्ना, उर्मिला मातोंडकर और तब्बू को भी ऑफर किया गया था। इन लोगों ने अलग-अलग वजहों से इसे रिजेक्ट किया था।

# तमन्ना भाटिया अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सजग



अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर लोगों की बढ़ती जिज्ञासा पर बात की। वह जानती हैं कि लोग हमेशा उनके बारे में जानना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि वह अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी प्राइवेट हैं और केवल वही शेयर करती हैं, जिसमें वो सहज हैं। जब उनसे पूछा गया कि वह अपने निजता को कैसे बनाए रखती हैं वो भी तब जब लोग उनके बारे में और अधिक जानना चाहते हैं। तमन्ना ने आईएएनएस को बताया, मुझे लोगों से मिलना-जुलना पसंद है। मुझे लोग अच्छे लगते हैं। मुझे हवाई अड्डे पर लोगों से मिलना जुलना अच्छा लगता है, मैं लोगों के साथ तस्वीरें खिंचवाती हूं। मैं ये सब बहुत खुशी से कर रही थी।

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने एक किस्सा भी शेयर किया। उन्होंने बताया कि कैसे एक शख्स उन्हें देखते-देखते थक गया था। अभिनेत्री ने कहा, उसने मुझसे कहा, सुनो, मैं तुम्हें ये करते हुए देखकर थक गया हूं। क्या तुम्हें थकान नहीं होती? मैंने जवाब दिया, सुनो, मैंने ये काम चुना है। मैंने लोगों के बीच रहना चुना है। मैंने एक तरह से लोगों के लिए खुद को चुना है। वह अपनी पसंद से खुश हैं और उन्हें लोग पसंद हैं। मुझे अचानक घटने वाली चीजों से कोई परेशानी नहीं है। अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें अजनबियों से बात करना बहुत पसंद है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि ये एक खास अनुभव होता है, क्योंकि इससे आप ज्यादा गहराई से बातचीत कर पाते हैं। मैं अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी प्राइवेट हूं। जितना मुझे ठीक लगता है, उतना ही मैं शेयर करती हूं। मुझे इस बारे में कोई शिकायत नहीं है।

# अमरूद बेचने वाली महिला से प्रेरित हुई प्रियंका चोपड़ा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के लिए बुधवार का दिन बहुत प्रेरणादायक रहा। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर बताया कि उनकी मुलाकात सड़क पर अमरूद बेचने वाली एक महिला से हुई, जो ईमानदार थी और उसने चैरिटी लेने से इंकार कर दिया। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें



उन्होंने घटना के बारे में जिक्र किया, जिसमें वह एक अमरूद बेचने वाली महिला या वर्किंग वूमन की ईमानदारी से प्रेरित एक किस्सा सुनाती नजर आईं। क्लिप में प्रियंका प्रेरणादायक कहानी सुनाती हुई सुनाई दे रही हैं। अभिनेत्री वीडियो में कहती नजर आईं, मैं ऐसा अक्सर नहीं करती, लेकिन आज मैं बहुत प्रेरित हुई। मैं न्यूयॉर्क जाने के लिए मुंबई से विशाखापट्टनम एयरपोर्ट जा रही थी और मैंने इस महिला को अमरूद बेचते हुए देखा। उन्होंने आगे बताया, मुझे अमरूद बहुत पसंद हैं, इसलिए मैंने उसे रोका और पूछा कि सारे अमरूद कितने के हैं और उसने कहा '150 रुपये', तो मैंने उसे 200 रुपये दिए और वह मुझे छुट्टे पैसे देने की कोशिश कर रही थी, तो मैंने कहा आप प्लीज इसे रख लीजिए, मगर उसने ऐसा नहीं किया। प्रियंका ने आगे कहा, वह अमरूद बेचती थी और उसके पास कैश नहीं था, तो उसे लेने के लिए वह थोड़ी देर के लिए कहीं चली गई और लाल बत्ती के हरे होने से पहले (ट्रैफिक खुलने से पहले) वह वापस आ गई और उसने मुझे दो और अमरूद दिए। वह फ्री में पैसे नहीं चाहती थी। वास्तव में मैं इससे बहुत प्रभावित हुई। उन्होंने सेट से कुछ झलकियां, एयरपोर्ट तक की अपनी ड्राइव और एक साइन बोर्ड की तस्वीर के साथ खरीदे गए अमरूदों की तस्वीरें भी शेयर की। तस्वीरों के साथ अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, हाल ही में और साथ में एक दिल वाला इमोजी भी लगाया। आरआरआर फेम एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी 'एसएसएमबी29' की बात करें तो इस प्रोजेक्ट में महेश बाबू मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में महेश बाबू की भूमिका भगवान हनुमान से प्रेरित बताई जा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार यह प्रोजेक्ट 900-1,000 करोड़ रुपये के बड़े बजट में दो भागों में बनकर तैयार होगी।

# भारतीय फैंस को रिझाने के लिए पाकिस्तानी एक्ट्रेस ने किया था ये काम, हो गई ट्रोल



हानिया आमिर ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की है। इस पोस्ट में उन्होंने अपनी तस्वीरें शेयर की है। लोगों ने इस पोस्ट को लेकर हानिया आमिर को ट्रोल किया है। पाकिस्तान की एक्ट्रेस हानिया आमिर के भारत में बहुत फैंस हैं। हानिया आमिर कभी मैं कभी तुम, मेरे हमसफर, दिल रुबा और अना एंड मोर जैसे टीवी शो में नजर आ चुकी हैं। उनके फैंस सिर्फ पाकिस्तान में नहीं बल्कि भारत में भी हैं। हानिया आमिर को पाकिस्तान की आलिया भट्ट बुलाया जता है। यह नाम सुनकर काफी खुश होती हैं। वह इसे अपनी तारीफ समझती हैं।

हानिया ने होली के मौके पर सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। इन तस्वीरों में वह बिंदी लगाए हुए नजर आ रही थीं। हानिया आमिर की ये चीज लोगों को पसंद नहीं आई। उन्होंने हानिया को बिंदी लगाने के लिए ट्रोल कर दिया। एक यूजर ने लिखा इस बिंदी की वजह से मैं आपको अनफालो कर रहा हूं। रमजान का महीना है और आप ये पाकिस्तान में कर रही हैं।

# एक्शन छोड़ मध्यम वर्गीय परिवार की कहानी लेकर आएंगे सनी देओल, बनेंगे फैमिली मैन



एक के बाद एक एक्शन फिल्म करने के बाद अब सनी देओल एक अलग अंदाज में नजर आने वाले हैं। सनी देओल अपनी अगली फिल्म में कुछ अलग और नया करने जा रहे हैं। जानिए क्या कुछ नया करने जा रहे हैं सनी देओल। अपने एक्शन से दुश्मनों के छक्के छुड़ाने वाले अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'जाट' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। 'जाट' में भी सनी देओल जबरदस्त एक्शन करते नजर आने वाले हैं। फिल्म के टीजर और अभिनेताओं के लुक को देखकर ये मालूम पड़ता है कि फिल्म जबरदस्त एक्शन से भरपूर होने वाली है। सनी देओल लगातार ही एक्शन फिल्म कर रहे हैं, जाट के अलावा वो 'बॉर्डर 2' में भी एक्शन करते दिखेंगे। हालांकि, अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि सनी देओल जल्द ही एक्शन से हटकर एक मध्यम वर्गीय परिवार के व्यक्ति के किरदार में नजर आने वाले हैं।

### मध्यम वर्गीय परिवार के व्यक्ति की कहानी दिखाएंगे सनी

एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल अब एक्शन से अलग एक फिल्म में सामान्य परिवार के सामान्य व्यक्ति की भूमिका में नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, 'सफर' नाम की यह फिल्म एक पारिवारिक फिल्म हो सकती है, जिसमें सनी देओल एक्शन से इतर नजर आएंगे। ये भी जानकारी सामने आ रही है कि मेकर्स फिल्म को ओटीटी पर रिलीज करने का विचार बना रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में कोई एक्शन नहीं है। यह मध्यम आयु वर्ग के पारिवारिक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे पता चलता है कि लोगों की मदद करके ही खुशी मिल सकती है और वह जीवन का सही अर्थ सीखता है।

### फिल्म को थिएटर की जगह ओटीटी पर रिलीज करने की सोच रहे मेकर्स

रिपोर्ट में बताया गया है कि जब निर्माताओं ने इस फिल्म को लेकर सनी देओल से संपर्क किया तो उन्हें फिल्म की कहानी काफी पसंद आई और उन्होंने तुरंत ही इसके लिए हां कर दी। रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स फिल्म को थिएटर में रिलीज करने की बजाय, सीधे ओटीटी पर लाने का विचार कर रहे हैं। मेकर्स का मानना है कि एक मध्यम वर्गीय परिवार के इर्द-गिर्द घूमती फिल्म की कहानी को सिनेमाघरों की बजाय ओटीटी पर लाना ज्यादा उचित रहेगा। मेकर्स फिल्म को इस साल के अंत तक रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।



# बेटी आशी के म्यूजिक वीडियो के डेब्यू पर इमोशनल हुए पंकज त्रिपाठी

बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में कई अभिनेताओं के बच्चों ने बॉलीवुड डेब्यू किया है। मिर्जापुर फेम अभिनेता पंकज त्रिपाठी की बेटी आशी त्रिपाठी भी एक म्यूजिक वीडियो के जरिए फिल्मी दुनिया से जुड़ गई हैं। आशी ने रंग डारो म्यूजिक वीडियो से अपना डेब्यू किया है। इस गाने को मैनाक भट्टाचार्य और संजना रामनारायण ने गाया है। वहीं अभिनव आर कौशिक ने इसे कंपोज किया है। एक रिपोर्टस के मुताबिक, पंकज त्रिपाठी ने कहा, आशी को स्क्रीन पर देखना हमारे लिए खुशी और गर्व की बात है। उसे हमेशा से कला में रुचि थी और अपने पहले प्रोजेक्ट में उसे इतना अच्छा करते देखना खास है। अगर यह उसका पहला कदम है, तो मैं देखना चाहता हूं कि वह आगे कहां तक जाती है।

# किर्स्टी कोवेन्ट्री बनीं आईओसी की पहली महिला और अफ्रीकी अध्यक्ष

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ज़िम्बाब्वे की किर्स्टी कोवेन्ट्री को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की नई अध्यक्ष चुना गया है। वह 131 साल के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला और पहली अफ्रीकी बनी हैं। साथ ही, वह इस पद को संभालने वाली सबसे युवा उम्मीदवार भी हैं। 41 वर्षीय कोवेन्ट्री, जो पहले ज़िम्बाब्वे की खेल मंत्री रह चुकी हैं, 23 जून को आधिकारिक रूप से पदभार ग्रहण करेंगी। वह थॉमस बाख का स्थान लेंगी, जिन्होंने अपने अधिकतम 12 साल के कार्यकाल को पूरा किया है। कोवेन्ट्री पहले भी आईओसी



में एक अहम भूमिका निभा चुकी हैं। उन्होंने 2018 से 2021 तक बाख के नेतृत्व वाली कार्यकारी बोर्ड में एथलीट प्रतिनिधि के रूप में सेवा दी थी। उनकी नियुक्ति ओलंपिक आंदोलन के लिए एक बड़ा बदलाव है। उन्हें आगामी आठ वर्षों के लिए यह ज़िम्मेदारी दी गई है। उनके सामने कई महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं, जैसे खेल और वैश्विक राजनीति के बीच संतुलन बनाना, 2028 लॉस एंजेलेस ओलंपिक की तैयारी को सुचारू रखना और 2036 ओलंपिक के मेजबान शहर का चयन करना। भारत और मध्य पूर्व इस मेजबानी की दौड़ में प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं।

# जर्मनी ने नेशंस लीग क्वार्टरफाइनल में इटली को दी मात



**रोम :** जर्मनी ने यूईएफए नेशंस लीग क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में इटली को 2-1 से हराकर शानदार वापसी की। दोनों टीमें कई अहम खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से जूझ रही थीं। इटली को सीरी ए के शीर्ष स्कोरर माटेओ रेतेगुई, फेडेरिको दिमार्को और एंड्रिया कंबियासो की सेवाएं नहीं मिल पाईं, जबकि जर्मनी को मार्क-आंद्रे टेर स्टेगेन, काई हैवर्ट्ज और फ्लोरियन वीट्र्ज के बिना खेलना पड़ा। मैच के नौवें मिनट में इटली ने बढ़त बना ली जब निकोलो बरेला के शानदार पास पर माटेओ पोलिटानो ने गेंद को खींचा और सैंड्रो टोनाली ने उसे गोल में बदल दिया। हालांकि, जर्मनी ने अधिक समय तक बॉल पजेशन रखा, लेकिन इटली ने गोल के कई मौके बनाए। 30वें मिनट में टोनाली के जबरदस्त शॉट को गोलकीपर ओलिवर बॉमन ने बचाया। कुछ देर बाद मोइसे कीन ने ऑफसाइड ट्रैप तोड़ा, लेकिन बॉमन ने फिर से उनका शॉट रोक लिया।

दूसरे हाफ की शुरूआत में ही जर्मनी ने बराबरी कर ली जब जोशुआ किमिच ने एक बेहतरीन क्रॉस देकर सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी टिम क्लाइंडिएंस्ट को हेडर के जरिए गोल करने का मौका दिया।

इसके बाद इटली को लगातार दो मौके मिले, लेकिन टोनाली की बैकहील पास पर कीन गेंद को गोल के ऊपर मार बैठे, जबकि रास्पाडोरी के शॉट को बॉमन ने अपने पैर से रोक लिया। 76वें मिनट में जर्मनी ने मैच पलट दिया जब किमिच के कॉर्नर पर लियोन गोरेट्जका ने एक और हेडर से गोल दाग दिया। इटली ने हार टालने के लिए भरपूर कोशिश की, लेकिन बॉमन की शानदार गोलकीपिंग ने जर्मनी को जीत दिलाई। अब जर्मनी रविवार को डॉर्टमुंड में होने वाले दूसरे चरण में इटली की मेजबानी करेगा।

# घुटने की चोट के कारण गिरोना के स्पेनिश विंगर ब्रायन गिल का सीजन खत्म

**मैड्रिड :** स्पेन के अंतरराष्ट्रीय विंगर ब्रायन गिल इस सीजन में अब और नहीं खेल पाएंगे। गिरोना क्लब ने गुरुवार को पुष्टि की कि उन्होंने अपने दाएं घुटने के बाहरी लिगामेंट की सर्जरी कराई है। यह चोट उन्हें पिछले सप्ताहांत वेलेंसिया के खिलाफ घरेलू मुकाबले में 1-1 से ड्रॉ के दौरान लगी थी। गिल को पूरी तरह ठीक होने में लगभग चार से पांच महीने का समय लगेगा, तब तक उनका गिरोना के साथ लोन करार समाप्त हो जाएगा। 24 वर्षीय गिल इस सीजन में गिरोना के लिए अहम खिलाड़ी रहे हैं।



उन्होंने ला लिगा, कोपा डेल रे और चैंपियंस लीग में कुल 32 मुकाबलों में हिस्सा लिया (28 बार शुरूआती एकादश में), जिसमें उन्होंने चार गोल किए और तीन असिस्ट दिए। गिल 2021 में सेविया से टोटेनहम क्लब में शामिल हुए थे और उनका अनुबंध जून 2026 तक है। हालांकि, वह इंग्लैंड में खुद को स्थापित नहीं कर पाए और अब तक नॉर्थ लंदन क्लब के लिए सिर्फ 43 मैच खेले हैं। टोटेनहम ने उन्हें पहले वेलेंसिया, फिर सेविया और अब गिरोना को लोन पर भेजा था।

# मध्य प्रदेश में गर्मी के बीच मौसम ने बदली करवट

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है। प्रदेश में गर्मी वाले दिनों में बारिश आंधी और ओले गिरने वाला मौसम बना है। वर्तमान में तीन सिस्टम एक्टिव है, जिसकी वजह से ऐसा हो रहा है। गुरुवार को भोपाल, सागर, सीहोर, रीवा समेत 20 से ज्यादा जिलों में मौसम बदला रहा। कहीं ओले गिरे तो कहीं तेज आंधी चली और हल्की बारिश हुई। ऐसा ही मौसम शुक्रवार को भी बना रहेगा। आज 30 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। ग्वालियर, जबलपुर, शहडोल और सागर संभाग में बारिश होने के आसार है। मौसम विभाग ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन और एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। इसके असर से प्रदेश में ओलावृष्टि, बारिश, गरज-चमक और आंधी चल रही है। गुरुवार को भोपाल, सीहोर



और सागर समेत कई जिलों में हल्की बारिश हुई। भोपाल में हल्की बूंदाबांदी हुई। इस दौरान बादल छाए रहे और हवाएं भी चली। सागर के बंडा में अचानक बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली?। जबकि रीवा जिले के सिरमौर, गुढ़, जवा, त्योंथर और रायपुर कर्चुलियान में तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई। 21, 22 और 23 मार्च को भी ऐसा मौसम बना रहेगा। मौसम बदलने से कई शहरों में दिन के तापमान में खासी गिरावट हुई है। सीधी में 27.8 डिग्री, रीवा में 28.8 डिग्री, सतना में 31.4 डिग्री और नौगांव में पारा 32.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। अगले 24 घंटे के दौरान दमोह, कटनी, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी और अनूपपुर में ओले गिर सकते हैं। मुरैना, ग्वालियर, भिंड और दतिया में तेज आंधी चलने का ऑरेंज अलर्ट है। शिवपुरी, अशोकनगर, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, जबलपुर, मंडला, नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, नर्मदापुरम, बैतूल और हरदा में गरज-चमक, तेज आंधी चलने की संभावना है। 22 मार्च को कटनी, डिंडौरी, मंडला, सिवनी और बालाघाट में आंधी और ओले का ऑरेंज अलर्ट है। रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, उमरिया, शहडोल और अनूपपुर में गरज-चमक और आंधी चल सकती है। 23 मार्च को शहडोल, अनूपपुर और बालाघाट में गरज-चमक और हल्की बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है कि मौजूदा सिस्टम का असर 23 मार्च तक ही रहेगा। 24 मार्च से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो सकता है। इसका असर भी प्रदेश में देखने को मिलेगा।

## पश्चिम बंगाल में आंधी-तूफान के साथ होगी बारिश, आईएमडी ने 15 जिलों के लिए जारी किया ऑरेंज अलर्ट

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में मौसम का मिजाज बिगड़ने वाला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार से प्रदेश में तेज आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जताई है। अलीपुर मौसम विभाग ने राज्य के 15 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में आंधी, बिजली गिरने और 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। उत्तर बंगाल में यह खराब मौसम रविवार तक बने रहने की आशंका है। शुक्रवार को दक्षिण बंगाल के हुगली, पूर्व व पश्चिम मेदिनीपुर, बांकुड़ा और झाड़ग्राम जिलों में भारी बारिश और तेज आंधी के आसार हैं। इन जिलों में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और कई जगहों पर ओले गिरने की संभावना है। कोलकाता में भी 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना के कारण येलो अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी ने शुक्रवार को दक्षिण बंगाल के अधिकांश जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शनिवार और रविवार को भी रुक-रुक कर बारिश और आंधी जारी रहने की संभावना है। उत्तर बंगाल में शुक्रवार से गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। शुक्रवार और शनिवार को पूरे उत्तर बंगाल के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। शनिवार को आंधी और बारिश का प्रभाव और अधिक बढ़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के कारण कालबैसाखी के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हैं। समुद्र में तेज हवाओं के कारण स्थिति अस्थिर रहेगी, जिससे अगले कुछ दिनों तक समुद्र अशांत रह सकता है। इसी वजह से मछुआरों को शुक्रवार तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

# सीएम ने किया मां पाटेश्वरी का दर्शन पूजन विकास कार्यों को लेकर दिया आवश्यक निर्देश

एजेंसी

**बलरामपुर :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को देवीपाटन मंदिर में मां पाटेश्वरी देवी का दर्शन-पूजन किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि व कल्याण के लिए प्रार्थना की है। पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री ने मंदिर स्थित गौशाला में जाकर गौवंश को हरा चारा खिलाया और उनकी सेवा की। मुख्यमंत्री ने देवीपाटन पीठाधीश्वर के साथ मंदिर भ्रमण किया ।

### दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे थे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री गुरुवार की शाम 4:40 बजे देवीपाटन मंदिर पहुंचे थे। रात्रि में उन्होंने चैत्र नवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बलरामपुर के विकास कार्यों और जनसमस्याओं के समाधान को लेकर भी चर्चा हुई।



### चैत्र नवरात्रि मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा पर जोर

मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिया कि चैत्र नवरात्रि मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे, एनाउंसमेंट सिस्टम, महिला सुरक्षा, चेंजिंग रूम, और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा। सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक और जलजमाव की समस्या को दूर करने के भी निर्देश दिए।

### महाकुंभ जैसा हो पुलिस का व्यवहार

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में यूपी पुलिस के व्यवहार की सराहना देश-विदेश में हुई थी। चैत्र नवरात्रि मेले में भी पुलिस का व्यवहार ऐसा हो, जिससे श्रद्धालुओं का दिल जीता जा सके। मुख्यमंत्री ने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि आस्था को आजीविका का माध्यम बनाया जा सकता है। मेले के दौरान महाकुंभ, रामायण और पौराणिक कथाओं के वीडियो व डिस्प्ले चलाने के निर्देश दिए।

### बलरामपुर के विकास को लेकर बड़ी घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने बलरामपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की योजना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी बनने से नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही बाढ़ से बचाव के लिए अभी से तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए।

### सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 25 से 27 मार्च तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों, महिलाओं, युवाओं और उद्यमियों को जोड़ा जाएगा।

### विश्वविद्यालय के लोगो और वेबसाइट का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के लोगो और वेबसाइट का लोकार्पण भी किया। विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए उन्होंने कुलपति से चर्चा की।शुक्रवार को मां पाटेश्वरी जी की दर्शन पूजन उपरांत सीएम अयोध्या के लिए रवाना हुए।

## बिहार के बेगूसराय में अपराधियों ने केंद्रीय राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी के मामा को मारी गोली

**पटना :** बिहार के बेगूसराय में अपराधियों ने केंद्रीय राज्य मंत्री और मुजफ्फरपुर के सांसद डॉ. राजभूषण चौधरी के मामा मलिक सहनी को गुरुवार देरसरात गोली मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सदर अस्पताल बेगूसराय में भर्ती कराया गया है। यह घटना चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के कुंभी गांव स्थित भगवती स्थान चौक की है। मलिक सहनी अपनी दुकान बंद कर रहे थे, तभी फायरिंग हुई और गोली उन्हें लग गई। पुलिस के मुताबिक, मलिक सहनी दुकान बंद कर लौट रहे थे तभी हथियारबंद अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। इस दौरान एक गोली सहनी के पैर में लग गई और वह बेहोश होकर वहीं गिर गए। इसके बाद अपराधी हथियार लहराते हुए फरार हो गए। सहनी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि मलिक सहनी केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी के चचेरे मामा हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि पिछले दिन उनके पुत्र के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद के कारण अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। सहनी के पुत्र विशाल कुमार ने बताया कि एक दिन पहले ही गांव के रहने वाले अपराधी ने रंगदारी मांगी थी।

# बाजीलाल सिंह ने रामानुजगंज एसडीओपी का संभाला पदभार

एजेंसी

**बलरामपुर :** बाजीलाल सिंह गुरुवार बीती शाम को रामानुजगंज एसडीओपी का चार्ज संभाला। इससे पूर्व बाजीलाल रामानुजगंज थाना प्रभारी भी रह चुके। उनके कार्यकाल के दौरान लोगों ने उनकी सराहना की थी। लोगों ने बाजीलाल को रामानुजगंज एसडीओपी का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। ज्ञात हो, रामानुजगंज अनुविभागीय पुलिस अधिकारी के अंतर्गत तीन थाना और तीन पुलिस चौकी आता है। जिसमें रामानुजगंज, रामचंद्रपुर और त्रिकुंडा थाना शामिल है। वहीं पुलिस चौकी में डिंडो, विजयनगर और तातापानी पुलिस चौकी आता है। जानकारी के अनुसार, बाजीलाल सिंह बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर, रामानुजगंज, रघुनाथनगर, बसंतपुर और कुसमी थाने में बतौर थाना प्रभारी के रूप में सेवा दे चुके है। वहीं बाजीलाल घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र उत्तर बस्तर के कांकेर में भी सेवा दे चुके है। एसडीओपी के रूप में वे गरियाबंद जिले में कार्य के दौरान 18 नक्सलियों के एनकाउंटर में शामिल रहे। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में फिर से कार्य करने का मौका मिल रहा है। यह मेरे लिए खुशी की बात है। जनता और पुलिस के बीच संबंध को और मजबूत किया जाएगा। अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अपना मोबाइल नंबर 9977621002 सार्वजनिक करते हुए कहा कि आम जनता मेरे से कभी भी संपर्क स्थापित कर अपनी समस्या बता सकते हैं। इससे पूर्व याकूब मेनन को दो प्रभार दिया गया था। रामानुजगंज और बलरामपुर एसडीओपी इन दोनों जगहों का पदभार याकूब मेनन सम्भल रहें थे। आदेश के बाद गुरुवार बीती शाम रामानुजगंज एसडीओपी के लिए बाजीलाल सिंह ने पदभार संभाला। वहीं याकूब मेनन अब सिर्फ बलरामपुर एसडीओपी के पद पर है।

# लंदन में बिजली सब स्टेशन में आग लगने से हीथ्रो एयरपोर्ट को बंद किया गया

**लंदन :** लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट को बिजली आपूर्ति करने वाले सब स्टेशन में गुरुवार देरसरात आग लग जाने से कई उड़ानों के रद्द कर दिया गया। इसके अलावा कुछ उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। आग लगने की वजह से हीथ्रो एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। यह आज (शुक्रवार) पूरे दिन बंद रहेगा। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह आग इंग्लैंड के हेस में हीथ्रो हवाई अड्डे को बिजली आपूर्ति करने वाले एक विद्युत सब स्टेशन में लगी है। इसका फोटो लंदन फायर ब्रिगेड ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया है। हीथ्रो एयरपोर्ट शुक्रवार को पूरे दिन बंद रहेगा, क्योंकि पास के एक बिजली सब स्टेशन में आग लग गई है। इस जगह से एयरपोर्ट को बिजली की आपूर्ति होती है। हीथ्रो एयरपोर्ट ने आज सुबह बयान में कहा कि यात्रियों और सहकर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हीथ्रो को 21 मार्च को 23:59 बजे तक के लिए बंद कर दिया गया है। हीथ्रो एयरपोर्ट



के प्रवक्ता ने यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वह एयरपोर्ट पर न आएं। अधिक जानकारी के लिए अपनी एयरलाइन से संपर्क करें। प्रवक्ता ने एयरपोर्ट बंद होने से यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद जताया है। उन्होंने कहा कि लंदन फायर ब्रिगेड के जवान आग बुझाने में युद्धस्तर पर लगे हुए हैं। मगर अभी यह स्पष्ट नहीं है कि स्थिति कब तक सामान्य हो पाएगी। हीथ्रो ब्रिटेन का सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। यह हर दिन लगभग 1,300 लैंडिंग और टेक-ऑफ को संभालता है। पिछले साल इसके टर्मिनलों से रिकॉर्ड 83.9 मिलियन यात्री गुजरे। पश्चिमी लंदन के हेस में सब स्टेशन में आग लगने से हजारों घरों में बिजली गुल है। लगभग 150 लोगों को आसपास के घरों से निकाला गया है। लंदन फायर ब्रिगेड ने कहा कि आग पर नियंत्रण पाने के लिए 10 दमकल गाड़ियां और लगभग 70 अग्निशमन कर्मी भेजे गए हैं। एहतियात के तौर पर 200 मीटर की घेराबंदी की गई है। स्थानीय निवासी धुआं फैलने की वजह से दरवाजे और खिड़कियां बंद रखें। ऊर्जा आपूर्तिकर्ता स्कॉटिश और सदर्न इलेक्ट्रिसिटी नेटवर्क्स ने एक्स पर कहा कि आग के कारण बड़े पैमाने पर 16,300 से अधिक घरों की बिजली गुल हो गई है। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। लंदन फायर ब्रिगेड के सहायक आयुक्त पैट गॉलबोर्न ने कहा कि अग्निशमन कर्मी जल्द से जल्द आग पर काबू पाने के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी अथक परिश्रम कर रहे हैं। अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन की खबर के अनुसार, हीथ्रो एयरपोर्ट से आने-जाने वाली उड़ानों को डायवर्ट किया जा रहा है या रद्द किया जा रहा है। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट 'फ्लाइट रडार 24' ने कहा कि वर्तमान में हवा में 120 उड़ानें वैकल्पिक एयरपोर्ट पर डायवर्ट की जाएंगी या अपने मूल स्थान पर वापस लौट जाएंगी।

# हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 171 अंक उछला

**नई दिल्ली :** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। बॉम्?बे स्?टॉक एक्?सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्?स 171.34 अंक यानी 0.22 की तेजी के साथ 76,519.41 के स्?तर पर ट्रेंड कर रहा है। नेशनल स्?टॉक एक्?सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 57.30 अंक यानी 0.25 फीसदी की बढ़त के साथ 23,247.95 अंक पर कारोबार कर रहा है। शेयर बाजार में आज के कारोबार में भी अडाणी समूह के सभी शेयर हरे निशान पर कारोबार कर रहे हैं। शुरूआती



कारोबार में अडाणी ग्रीन एनर्जी 2 फीसदी से अधिक उछाल के साथ सबसे ज्यादा बढ़त दर्ज करने वाले शेयरों में शामिल रहा। इसके अलावा अडाणी पावर और अडाणी पोर्ट्स के शेयरों में भी अच्छी तेजी देखने को मिल रही है। इसके अलावा एशियाई बाजारों में आज कारोबार में जापान के निक्केई में 0.37 फीसदी की तेजी है। वहीं, हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 1.67 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई है, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.68 फीसदी नीचे है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले गुरुवार को बीएसई का सेंसेक्?स 899.02 अंक यानी 1.19 फीसदी उछकर 76,348.06 के स्?तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्?टॉक एक्?सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 283.05 अंक यानी 1.24 फीसदी बढ़कर 3,190.65 अंक पर बंद हुआ था।

## पाकिस्तान में मुठभेड़,10 आतंकवादी ढेर, सैन्य अफसर की मौत

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में हुई मुठभेड़ में कम से कम 10 आतंकवादियों को मार गिराया। इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों का नेतृत्व कर रहे कैप्टन हसनैन अख्तर की जान चली गई। सेना की मीडिया विंग ने कहा कि सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना के आधार पर 20 मार्च को आतंकवादियों को घेरा। इस दौरान दोनों ओर से हुई गोलीबारी में 10 आतंकवादियों को मार गिराया गया। पाकिस्तान के अखबार द न्यूज इंटरनेशनल की खबर के अनुसार, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि भीषण गोलीबारी में सुरक्षा बलों का नेतृत्व कर रहे कैप्टन हसनैन अख्तर की जान चली गई। 24 वर्षीय सैन्य अधिकारी अख्तर झेलम जिले के निवासी थे। मुठभेड़ स्थल से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। सुरक्षा बलों ने इलाका घेर रखा है और बाकी आतंकवादियों की तलाश की जा रही है। आईएसपीआर ने बयान में कहा है कि 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद पाकिस्तान आतंकवादी हमलों से जूझ रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### ट्रक ने दो टैंकरों को मारी टक्कर-जिंदा जला ड्राइवर, तीनों गाड़ियां जलकर खाक

**भीलवाड़ा :** जिले में मांडलगढ़ थाना क्षेत्र के लाडपुरा चौराहे स्थित पुलिया के पास शुक्रवार सुबह एक ट्रक ने दो टैंकरों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों ही गाड़ियों में भीषण आग लग गई। हादसे में एक ट्रक ड्राइवर जिंदा जल गया, दोनों टैंकर और ट्रक भी जलकर खाक हो गए। प्रोबेशनर आईपीएस और मांडलगढ़ थाना प्रभारी जतिन जैन ने बताया कि शुक्रवार सुबह चित्तौड़गढ़ की ओर से आ रहे एक ओवर स्पीड ट्रक (राख से भरे) ने सीमेंट टैंकर (ब्लकर) और डीजल के खाली एक टैंकर को टक्कर मार दी। हादसे के बाद तीनों गाड़ियों में भीषण आग लग गई। टक्कर लगने के बाद ट्रक का फाटक नहीं खुल पाया और आग लगने से ट्रक ड्राइवर की ज़िंदा जलने से उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर बड़ी संख्या में गाड़ियों का जाम लग गया। जिसे पुलिस ने पहुंच कर क्लीयर करवाया। जैन ने बताया कि चित्तौड़ में एक एक्सीडेंट के बाद ट्रैफिक को डायवर्ट कर लाडपुरा की ओर से निकाला जा रहा था। इसके चलते थाना क्षेत्र के लाडपुरा चौराहे पर ट्रैफिक ज्यादा था। इसी ट्रैफिक रश के बीच सुबह एक स्पीड से आ रहा बेकाबू ट्रक दो टैंकरों से टकरा गया। ओवर स्पीडिंग में तेज ब्रेक लगाने के बाद ट्रक के टायरों में आग लग गई। इस आग ने दोनों टैंकरों को भी अपनी चपेट में ले लिया, हादसे में तीनों गाड़ियों में भीषण आग लग गई। एक्सीडेंट में ट्रक के डैमेज होने से उसका गेट नहीं खुल पाया और ट्रक ड्राइवर फूलजी खेड़ा निवासी शंभूलाल धाकड़ (45 ) की जिंदा जलने से मौत हो गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने भीषण आग पर करीब एक घंटे बाद काबू पाया। मौके से टैंकर और ट्रकों को हटवा कर ट्रैफिक को क्लीयर करवाया गया है। हादसे के बाद जाम लग गया। ड्राइवर की बॉडी को मांडलगढ़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

### डीकेएस अस्पताल के तत्कालीन अधीक्षक डॉ. पुनीत गुप्ता विभागीय जांच में हुए दोषमुक्त

**रायपुर :** राजधानी के डीकेएस अस्पताल के तत्कालीन अधीक्षक डॉ. पुनीत गुप्ता सभी आरोपों से दोषमुक्त हो गए हैं। विभागीय जांच में उन्हें पूरी तरह से निर्दोष पाया गया है। यह आदेश चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय विभाग द्वारा बीती देर शाम जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. पुनीत गुप्ता पर 17 आरोप लगाए गए थे, जिनमें से कोई भी आरोप प्रमाणित नहीं हो पाया, जिसके बाद विभागीय जांच को समाप्त कर दिया गया और सभी मामलों को नस्तीबद्ध कर दिया गया। डॉ. पुनीत गुप्ता पर डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 50 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप था। इसके अलावा, 14 दिसंबर 2015 से 2 अगस्त 2018 के बीच रायपुर स्थित पोस्ट ग्रेजुएट एवं रिसर्च सेंटर में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने नियमों का उल्लंघन किया, अपात्र लोगों की भर्ती की और अन्य कई शिकायतें राज्य सरकार को प्राप्त हुई थीं।

### इडेन गार्डन्स में आईपीएल मैच के दिन मिलेगी विशेष ट्रेन और मेट्रो सुविधा

**कोलकाता :** आईपीएल के नए सत्र की शुरूआत में अब केवल एक दिन बाकी हैं। इस बार का पहला मुकाबला क्रिकेट प्रेमियों के लिए बेहद खास होने वाला है क्योंकि यह ऐतिहासिक इडेन गार्डन्स में खेला जाएगा। ऐसे में, दर्शकों की सुविधा के लिए पूर्व रेलवे और मेट्रो रेल प्रबंधन ने विशेष व्यवस्था की है। रेलवे ने मैच वाले दिनों में रात के समय विशेष ट्रेनें चलाने का फैसला किया है, वहीं कोलकाता मेट्रो भी अतिरिक्त सेवा प्रदान करेगी। शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच होने वाले मैच के लिए रेलवे ने दो अतिरिक्त ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। पहली विशेष ट्रेन रात 11:50 बजे प्रिंसिप घाट से चलेगी और लगभग 1:00 बजे बारासात पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन रात 12:00 बजे बीबादी बाग से रवाना होकर 1:32 बजे बारुईपुर पहुंचेगी। ये ट्रेनें 22 अप्रैल, 23 मई और 25 मई को भी चलाई जाएंगी। रेलवे ने यह भी बताया कि आवश्यकता पड़ने पर और अधिक ट्रेनें भी चलाई जा सकती हैं। उधर, कोलकाता मेट्रो रेल ने भी एक बयान जारी कर बताया है कि शनिवार को अतिरिक्त मेट्रो सेवा उपलब्ध होगी। रात 12:15 बजे एस्प्लेनेड से दक्षिणेश्वर और कवि सुभाष तक विशेष मेट्रो ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसी समय एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक भी एक अतिरिक्त मेट्रो सेवा शुरू होगी। ये ट्रेनें हर स्टेशन पर रुकेंगी, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, एस्प्लेनेड स्टेशन पर टिकट काउंटर खुले रहेंगे ताकि यात्रियों को आसानी से टिकट मिल सके। हालांकि, इस विशेष सेवा का लाभ लेने के लिए यात्रियों को सामान्य किराए के अलावा 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। कोलकाता में आईपीएल के इस रोमांचक सीजन की शुरूआत को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। ऐसे में रेलवे और मेट्रो की यह व्यवस्था क्रिकेट प्रेमियों के लिए राहत लेकर आई है, जिससे वे बिना किसी परेशानी के रात में सुरक्षित घर लौट सकेंगे।

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने वानिकी दिवस पर दोहराया वनों के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प

**भोपाल :** विश्व वानिकी दिवस है। हर साल दुनिया भर में 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है, यह दिन सभी तरह के वनों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जा रहा है। विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए वन संपदा के संरक्षण की अपील की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा वन है, तो हम हैं...वन केवल हरियाली नहीं, बल्कि पृथ्वी के फेफड़े और असंख्य जीवों का आश्रय स्थल भी हैं, जो हमें शुद्ध हवा, जल संतुलन और जैव विविधता का उपहार देते हैं। आइये, विश्व वानिकी दिवस पर हम न केवल अधिक से अधिक पौधे लगाएं, बल्कि वनों के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लें।

### स्मैक तस्करी: पुलिस ने स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 7.50 ग्राम स्मैक बरामद की

**चंपावत :** कोतवाली पुलिस ने गुरुवार रात एक बड़ी कार्रवाई की, जिसमें उन्होंने नशे का कारोबार करने वालों को गिरफ्तार किया पुलिस ने स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 7.50 ग्राम स्मैक बरामद की। साथ ही, उसकी आल्टो कार को जब्त कर सीज किया गया । इस कार्रवाई में जिले की पुलिस, एसओजी व एएनटीएफ टनकपुर की टीम ने भाग लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवराज सिंह राणा, कोतवाल चेतन रावत तथा एसओजी प्रभारी लक्ष्मण सिंह जगवाण के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम शहजादे खान पुत्र स्व. जाहिद खान निवासी वर्मा लाइन बताया। इसके अलावा, पुलिस ने स्मैक पीने वाले एक युवक जाहिद पुत्र मोहम्मद ताहिर को मौके पर पकड़ा, जिसके पास लगभग एक बिट बरामद हुई। पुलिस टीम में बूम चौकी इंचार्ज हिमानी गहतोड़ी समेत 100 से अधिक पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन सह स्वास्थ्य आरोग्य दूत सम्मान समारोह का आयोजन

गुमला : गुमला जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन, गुमला में आज राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय साथिया (पियर एजुकेटर) सम्मेलन सह स्वास्थ्य आरोग्य दूत सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डीपीसी एवं सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा विभाग) सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य किशोर-किशोरियों के सर्वांगीण विकास में योगदान देने वाले साथिया एवं ₹स्वास्थ्य आरोग्य दूतों₹ को सम्मानित करना था। अपने संबोधन में उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि, ₹आप सभी देश की युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। आपका योगदान समाज के किशोर-किशोरियों को एक स्वस्थ्य और जिम्मेदार नागरिक बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपने प्रयासों को इसी तरह जारी रखें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहभागी बनें।

सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार ने मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि, ₹मानसिक रूप से स्वस्थ रहना हमें बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाता है, जिससे एक समृद्ध समाज का निर्माण संभव है।

सम्मेलन में 55 साथिया एवं 120 स्वास्थ्य आरोग्य दूतों को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान सम्मानित प्रतिभागियों ने अपने कार्य अनुभव साझा किए और विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम में निभाई गई अपनी भूमिकाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मंच का संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा ने किया। इस अवसर पर 400 से अधिक साथिया, किशोर-किशोरी, स्वास्थ्य कर्मी एवं स्वास्थ्य आरोग्य दूत उपस्थित रहे।

### नाबालिक लड़की ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित डुमरी थाना के मझगांव पंचायत के बोब्दी पानी निवासी नाबालिक लड़की 15 वर्षीय - पिता सनतन कोरवा ने जंगल में पेड़ की डाली में दुप्पटे के सहारे फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली थाना प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर अग्रतर कारवाई की जा रही है आगे बताया कि इस घटना के बारे में परिवार वालों ने कोई भी कारण की जानकारी नहीं दी है हो सकता है आपसी घरेलू विवाद हो सकता है मृतिका महुआ चुनने गई थी उधर ही पेड़ में फंसी लगा ली।

### सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने जारी किए चार परीक्षाओं के परिणाम

**दुमका :** सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने गुरुवार को चार प्रमुख परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए। इनमें एम.ए. इन संताल कल्चर स्टडीज सेमेस्टर-3 परीक्षा 2022 (सत्र 2021-23), बी.लिस. सेमेस्टर-2 परीक्षा 2024 (सत्र 2023-24), एम.बी.ए. सेमेस्टर-2 परीक्षा 2024 (सत्र 2023-25), और एम.बी.ए. सेमेस्टर-4 परीक्षा 2024 (सत्र 2022-24) शामिल हैं। एम.ए. इन संताल कल्चर स्टडीज सेमेस्टर-3 परीक्षा में 75 प्रतिशत, बी.लिस. सेमेस्टर-2 परीक्षा में 93.75 प्रतिशत, और दोनों एम.बी.ए. सेमेस्टर-2 एवं एम.बी.ए. सेमेस्टर-4 परीक्षाओं में 100 प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त की। परीक्षा नियंत्रक डॉ. जयकुमार साह ने बताया कि सभी परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। विद्यार्थी अब अपने परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट से देख सकते हैं।

### पीजी एडमिशन के लिए दूसरी प्रोविजनल मेधा सूची प्रकाशित

दुमका : सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने गुरुवार को पीजी एडमिशन के लिए दूसरी प्रोविजनल मेधा सूची प्रकाशित कर दी है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से अपनी मेधा सूची देख सकते हैं। वेबसाइट पर विश्वविद्यालय के पांचों पीजी सेंटरों की मेधा सूची अपलोड कर दी गई है। दूसरी मेधा सूची में एडमिशन के लिए दस्तावेज सत्यापन की तिथि विश्वविद्यालय ने 21 से 29 मार्च के बीच निर्धारित की है। इस दौरान, जिन छात्रों का नाम दूसरी मेधा सूची में है, वे आज यानी शुक्रवार से अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते हैं। विश्वविद्यालय की सहायक डीएसडब्ल्यू डॉ. पूनम हेंब्रम ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है, जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों और शोधार्थियों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि छात्रों के पास 29 मार्च2025 तक एडमिशन पाने का अंतिम मौका है।

### बीएड सेमेस्टर-3 परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि घोषित

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने गुरुवार को बीएड सेमेस्टर-3 परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी। कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार साह ने उक्त परीक्षा के लिए फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना जारी की। फॉर्म बिना विलंब शुल्क के भरने की अंतिम तिथि 28 मार्च से 3 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। जबकि 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ 4 से 7 अप्रैल और 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 8 से 10 अप्रैल तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। इसके अलावा, परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी संबंधित विभाग या कॉलेज में जमा करने की तिथि 11 से 12 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से परीक्षा फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना डाउनलोड कर सकते हैं।

### डॉक्टर के द्वारा दर्जनों दिव्यांगों का बारी बारी से मेडिकल किया चेकअप

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिव्यांग शिविर आयोजन किया गया हैं।शिविर में बोर्ड में अस्थि रोग विशेषज्ञ डाक्टर सचिन कुमार,नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर राहुल वर्मा, ईएनटी विशेषज्ञ पाकुड़ डाक्टर सत्य प्रकाश, चिकित्सा पदाधिकारी प्रशिक्षित मनोचिकित्सक डाक्टर अनिमेश नोवेल कुजूर ने दर्जनों दिव्यांग मरीजों की जांच की गई।बताया गया कि डाक्टर के द्वारा दर्जनों दिव्यांगों का बारी बारी से मेडिकल चेकअप किया गया। वहीं सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीण संथालिया ने गुरुवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, आईपीडी, इमरजेंसी रूम, महिला पुरुष मैरिज वार्ड, एक्सरे रूम सहित सहित अन्य वाडों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### कीटनाशक खाने से महिला हुई मूर्छित

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर इंग्लिश सकरीगली निवासी मिथुन चौधरी के 19 वर्षीय पत्नी चांदनी देवी के कीटनाशक दवा खाने से मूर्छित हो गई।वही परिजनों ने आनन -फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया।वही ड्यूटी पर रहे डॉ पिंकु चौधरी के देख रेख में इलाज किया गया।वही पीड़ित के पति मिथुन चौधरी ने बता की किसी बात को लेकर हमलोगों में कहा सुनी हो गई।

# डीसी ने नवनिर्मित समाहरणालय भवन का किया निरीक्षण

## कर संबंधित एजेंसी व कार्यपालक अभियंता को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

**बिनय मिश्रा**

उपायुक्त विशाल सागर की नायाब पहल आमजनों की सुविधा हेतु आवश्यक सुविधायुक्त वेटिंग रूम और हेल्प डेस्क की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश,जेएसएलपीएस की दीदियों हेतु पलाश कॉर्नर और दीदी कैंटीन की रहेगी सुविधा, उपायुक्त, नए समाहरणालय भवन को पब्लिक फ्रेंडली और परिसर में प्लांटेशन का कार्य सुनिश्चित करें, उपायुक्त,नए समाहरणालय परिसर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को डेवलप करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश,

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर द्वारा दिनांक 20 मार्च को चरकीपहाड़ी स्थित बन रहे नव निर्मित समाहरणालय भवन के अंतिम चरण के कार्यों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने भवन निर्माण विभाग से नए समाहरणालय हेतु तैयार डीपीआर की तर्ज पर पूर्ण कार्यो के साथ चल रहे कार्यो व चर्चा करते हुए संबंधित एजेंसी व कार्यपालक अभियंता को को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। आगे उपायुक्त ने समाहरणालय भवन में आमजनों की सुविधा हेतु आवश्यक सुविधायुक्त वेटिंग रूम, हेल्प डेस्क और जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा निर्मित सामानों हेतु पलाश कॉर्नर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावे उपायुक्त विशाल सागर ने समाहरणालय को लेकर चल रहे विभिन्न कार्यों की



गुणवता की जांच करते हुए तय समय अनुसार कार्यों को पूर्ण करने का निदेश संबंधित कार्यपालक अभियंता व एजेंसी के अधिकारियों को दिया। आगे उपायुक्त ने नये समाहरणालय भवन के अन्तर्गत विभिन्न तल्लो पर कार्यालय कक्ष, मीटिंग हॉल व अन्य कमरों के पूर्ण कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने भवन व पार्किंग के अलावा तमाम खाली पड़ी जमीन पर प्लांटेशन व रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को डेवलप कराने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि नए समाहरणालय हेतु मोहनपुर अंचल अंतर्गत बरमोरिया मौजा में 39 एकड़ जमीन चिन्हित किया गया था। जहाँ एक ही कैंपस में कई कार्यालय होंगे। साथ ही नए समाहरणालय भवन में आपात स्थिति से निबटने के लिए तीन तरफ से सीढ़ियां बनायी गयी हैं। साथ ही लिफ्ट की भी व्यवस्था की गयी है। इस दौरान उपरोक्त के अलावे अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल श्री देवनाथ देवेन्द्र नाथ, प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहनपुर श्री संतोष चौधरी अंचल अधिकारी मोहनपुर, श्रीमती अमृता कुमारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

# झारखंड पुलिस एसो. के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष विस अध्यक्ष, मंत्री एवं गृह सचिव से मिले

**बिनय मिश्रा**

झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार मूर्मू अपने प्रांतीय टीम के साथ झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो , काबीना मंत्री सुदीव्य कुमार तथा झारखंड की गृह सचिव वंदना डाडेल से मिले। इस क्रम में झारखंड पुलिस एसोसिएशन के तत्वधान में पुलिस पदाधिकारीगण एवं पुलिस कर्मियों के लिए किए जा रहे और किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी। सबों ने झारखंड पुलिस एसोसिएशन के दायित्व एवं कार्यों को सराहा और कहा कि- झारखंड पुलिस एसोसिएशन अपने लक्ष्य और उद्देश्य के साथ संगठन को सुचारू और बेहतर बनाऐंगे तथा



राज्य सरकार पुलिस के कार्यों की सराहना करने के साथ साथ हमेशा उनके साथ खड़ी है और यह संगठन निरंतर उपलब्धि और कामयाबी की ओर बढ़े यही उनकी शुभकामना है।

# 9.93 किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया थाना परिसर में बसिया एसडीपीओ नजीर अख्तर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि सअनि शिवलाल मुर्मू और आरक्षी मांगू उरांव तथा रैमन कच्छप निजी चालक के साथ 22.10 बजे रात्रि में बसिया थाना से गस्ती के लिए निकले इसी क्रम में 20/03/2025 को समय लगभग 3:00 बजे बसिया रेफरल अस्पताल के नीचे सरहुल मैदान के समक्ष एक व्यक्ति को रांची - सिमडेगा मुख्य मार्ग के सड़क किनारे खड़ा था, संदेह होने पर गश्ती दल के पदाधिकारी के द्वारा पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति के द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया, उसके पास एक प्लास्टिक का बोरा रखा हुआ था, पूछने पर की उक्त प्लास्टिक बोर में क्या है, उक्त व्यक्ति एकाएक उक्त प्लास्टिक के बोरे को छोड़कर भागने लगा, तब पुलिस जवानों द्वारा उक्त व्यक्ति को खदेड़कर पकड़ लिया गया और उसका नाम पता पूछने पर उसने बताया कि पलामू जिला स्थित पाटन थाना स्थित करर कला ग्राम निवासी 45 वर्षीय आशुतोष कुमार मिश्रा ( पिता - राजेंद्र मिश्रा ) इसी क्रम में बसिया थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति , एवं रिजर्व गार्ड के जवान उक्त घटनास्थल पर पहुंचे और उक्त प्लास्टिक बोरे की तलाशी ली गई तो उसके अंदर से कागज और पन्नी लपेटा हुआ पांच पैकेट गंज बरामद किया गया जिसका वजन 9.93 किलोग्राम पाया गया , बाद में उक्त व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार कर बसिया थाना लाया गया और आवश्यक पूछताछ के बाद मीडिया और न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए , उसे गुमला जेल भेज दिया गया ।

### सदर अस्पताल की सुविधाओं में सुधार के लिए सुझाव आमंत्रित

**गुमला :** गुमला जिला स्तरीय समन्वय समिति में उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी द्वारा दिए गये , निदेशानुसार गुमला सदर अस्पताल की सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष पहल की गई है। इस पहल के तहत स्वास्थ्य विभाग ने एक गूगल शीट जारी किया है, जिसमें जिले के नागरिक अपनी राय और सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। उपायुक्त गुमला ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे इस पहल में सक्रिय भाग लें और सदर अस्पताल गुमला में मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं में सुधार के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव दें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राप्त सुझावों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया जाएगा। उत्कृष्ट सुझाव देने वाले 10 नागरिकों को 29 मार्च को स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त गुमला ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि सदर अस्पताल में अनुभव की गई , किसी भी

## सदर अस्पताल गुमला बना बिचौलियों का अड्डा

# गर्भवती महिला को ले जाया गया निजी अस्पताल

### पीड़ित गर्भवती महिला को गुमला सदर अस्पताल की महिला डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिये किया था रांची रिम्स रेफर

### सिविल सर्जन नवल कुमार ने स्वयं लिया संज्ञान 24 घंटे के अंदर दोषियों को करेंगे दंडित

गुमला : गुमला सदर अस्पताल इन दोनों तथाकथित बिचौलियों का अड्डा बनकर रह गया है, बताया जाता है की गुमला सदर प्रखण्ड स्थित शीलाफारी ग्राम निवासी मंटू साहू की गर्भवती पत्नी बीणा कुमारी को प्रसव पीड़ा होने पर उसे गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था , जहां महिला डॉक्टर निर्मला मुंडू ने उक्त गर्भवती महिला का चेकअप करने के बाद बताया था कि गर्भवती महिला के पेट के अंदर नवजात शिशु का पोजीशन सर ऊपर होना चाहिए था , परंतु उक्त नवजात शिशु का सिर ऊपर से नीचे पोजीशन में हो जाने के कारण और उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए , उक्त पीड़ित गर्भवती महिला को , गुमला सदर अस्पताल की महिला डॉक्टर नेनिर्मला मुंडू ने वीणा कुमारी को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था , जिसकी क्रम में उक्त जानकारी गुमला सदर अस्पताल के आसपास मंण्डराते रहने वाले तथाकथित बिचौलियों को हों गई और उन्होंने उक्त गर्भवती महिला और उसके परिजनों को गुमराह और भ्रमित करते हुए , गुमला जिला मुख्यालय स्थित एक नामचिन्ह निजी अस्पताल से संपर्क स्थापित कर तत्काल, उक्त निजी अस्पताल के एम्बुलेंस को गुमला सदर अस्पताल बुलवाया और उक्त पीड़ित गर्भवती महिला और उसके परिजनों को उक्त एंबुलेंस में बैठा दिया गया, जिसपर गर्भवती महिला के परिजनों ने बताया की उन्हें कहां ले जाया जा रहा हैं , उसका पता उन्हें नहीं हैं , जिसपर संबंधित बिचौलियों द्वारा उन्हें समझाया बुझाकर एक अच्छे हॉस्पिटल में ले जाने का आश्वासन दिया और उक्त निजी अस्पताल का एंबुलेंस उन्हें लेकर गुमला सदर अस्पताल से चली गई , ज्ञातव्य हैं की गुमला जिले का एकमात्र गुमला सदर अस्पताल में , गुमला - सिमडेगा जिला सहित छत्तीसगढ़ राज्य के बॉर्डर क्षेत्रों से गरीब महिला पुरुष, युवक युवती और वृद्ध लोग अपनी इलाज करने गुमला सदर अस्पताल में पहुंचे हैं , उन्ही गरीब और लाचार रोगियों और उसके परिजनों के साथ धोखाधड़ी कर , कुछ तथाकथित बिचौलियों अपने स्वार्थ और कुछ चंद रूपयों के लालच में पड़कर उक्त पीड़ित गंभीर से गंभीर रोगियों और उनके परिजनों को झूठ और फरेब के चक्कर में डालकर उन्हें निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर भयंकर आर्थिक स्थिति में डाल फरार हो जातें हैं , जहां मरीजों और उसके परिजनों को विभिन्न आकार प्रकार का डर और भय दिखाकर और भयभीत कर इलाज के नाम पर खुला खेल फरुर्खाबादी खेलकर और अपना व्यापार करते हुए , उन्हें पूरी तरह लूट ली जाती है और भेजने वाले और पहुंचने वाले दोनों बिचौलियों को संबोधित निजी अस्पतालों से कमीशन के नाम पर उन्हें मोटी रकम ( रुपया ) कमीशन के रूप में दिया जाता होता हैं और उक्त चंद रूपयों की लालच में पड़कर उक्त तथाकथित बिचौलियों द्वारा गंभीर से गंभीर रोगियों की जान की परवाह नहीं करते हुयें, उक्त निजी अस्पतालों में भेज दिया जाता है, जहां संबंधित रोगियों और परिजनों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है और कभी - कभी तो उक्त गंभीर रोगियों की मौत भी हो जाती हैं, फिर भी उन्हें मृतक व्यक्ति का शव तब तक नहीं दिया जाता है जब तक उक्त निजी अस्पताल का बिल चुकता नहीं कर दिया जाता हैं। बाद में जब उक्त घटना की जानकारी गुमला सदर अस्पताल के सिविल सर्जन नवल कुमार को हुई तो उन्होंने पत्रकारों के समक्ष उक्त घटना को स्वीकारते हुए , उन्होंने कहा की गुमला सदर अस्पताल में मेरे योगदान देने के बाद , यह पहला केस हैं , जिसपर मैं स्वयं संज्ञान लेते हुए , उक्त घटना की जांच मैं स्वयं अपने देखरेख में कर रहा हूं और उक्त घटना के 24 घंटे के अंदर , मैं स्वयं उक्त संबंधित दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई करूंगा , ताकि गुमला सदर अस्पताल में पूणः इस तरह की घटनाएं ना घटित हो , उन्होंने यह भी बताया की एक गर्भवती महिला को गुमला सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था और गुमला सदर अस्पताल की महिला डॉक्टर निर्मला मुंडू ने अपने जांचों उपरांत उक्त महिला गर्भवती महिला को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया था , जिसे बिचौलियों के द्वारा एक निजी अस्पताल , एडवांस केयर हॉस्पिटल ले जाया गया हैं , उक्त संबंध में गहराई से छानबीन शुरू कर दी गई हैं और जांचों उपरांत संबंधित दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का एसकेएमयू में कार्यशाला

# सरकार की इस पहल से विश्वविद्यालय का कार्य सरल और सुगम होगा : कुलसचिव

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा गुरुवार को सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सिदो कान्हु मुर्मू विवि के पदाधिकारियों, डीन, स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्षों, कॉलेज प्राचार्यों और ई-समर्थ के नोडल पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का विषय 'डिजिटल गवर्नेंस और लर्निंग इनहांसमेंट इनिशिएटिव' था, जिसमें हाल ही में राज्य सरकार द्वारा लांच किए गए छह नए पोर्टल्स पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं शॉल देकर स्वागत करने से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में आईआईटी-आईएसएम धनबाद के प्रोफेसर एमके सिंह उपस्थित थे, जबकि वक्ताओं के रूप में उच्च शिक्षा उपनिदेशक डॉ. अजय राज खालको, श्री अनुपन उपाध्याय, श्री संभू कुमार, श्री प्रियरंजन बारिक, राहुल वर्मा, विक्रम वर्मा, मिसफिजुर रहमान, श्रीकांत रेड्डी, सुनील कुमार और अन्य प्रमुख व्यक्ति मौजूद थे। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार की इस पहल से विश्वविद्यालय का कार्य सरल और सुगम होगा। उन्होंने बताया कि इन डिजिटल पहलों से पारदर्शिता में वृद्धि होगी और कार्य की गति में सुधार होगा। विश्वविद्यालय के वित्तीय सलाहकार डॉ. बीएन ठाकुर ने कहा कि इन छह पोर्टल्स से भेदभाव कम होगा और विश्वविद्यालय के कार्यों में नयापन आएगा। अनुपम उपाध्याय ने बताया कि निदेशालय ने लगभग



तीन वर्षों की मेहनत से इन पोर्टल्स को तैयार किया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए लर्निंग मैनेजमेंट पोर्टल (छटर) और शिक्षकों के वेतन निर्धारण के लिए पोर्टल तैयार किया गया है। इन पोर्टल्स को यूजर-फ्रेंडली बनाने का पूरा प्रयास किया गया है। अपने संबोधन में, उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अजय राज खालको ने कहा कि निदेशालय सभी हितधारकों के लिए कार्यों को सरल और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि छह नए लॉन्च किए गए पोर्टल इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किए गए हैं, ताकि बिना किसी देरी के तेज प्रसंस्करण और सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सके। इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा क्षेत्र में कार्य प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और दक्षता बढ़ाना है, जिससे पूरी प्रणाली सभी के लिए अधिक पारदर्शी और उपयोगकर्ता के अनुकूल बन सके। मुख्य अतिथि प्रो. एमके सिंह ने सभी से अपील की कि वे इन डिजिटल पहलों को अपनाएं, क्योंकि इन पहलों का लाभ तभी होगा जब इसे सभी स्तरों पर सही तरीके से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ये पोर्टल्स मील का पत्थर साबित होंगे। तकनीकी सत्र के दौरान, निदेशालय के विभिन्न वक्ताओं ने एक-एक कर इन छह पोर्टल्स पर विस्तार से जानकारी दी। अंत में, विश्वविद्यालय के ई-समर्थ के नोडल पदाधिकारी डॉ. बास्की नीरज ने धन्यवाद ज्ञापन किया और कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनीता चक्रवर्ती ने की, जबकि कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. राजेश कुमार यादव, डॉ. एसएल बोंडाय, राजेश कुमार, मनीष सोरेन और अन्य का योगदान महत्वपूर्ण रहा।